प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



शरद पवार के रहस्यमयी मौन से मची हलचल पेज- 2

पेज- 8 पिछड़ा वर्ग के युवाओं को मिलेगा मुत कंप्यूटर प्रशिक्षण

वर्ष : 15 अंक : 152 | शनिवार 23 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले बिक्रम साव को बांग्लादेश और पाकिस्तान से मिल रहीं धमकियां

(एजेंसी) कोलकाता पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान झालमुड़ी खाकर एक दुकानदार को भी एक ही दिन में फेमस कर दिया। पीएम मोदी तो झालमुड़ी खाकर चले गए लेकिन उनका वीडियो इस कदर वायरल हो गया कि बंगाल चुनाव के दूसरे चरण में झालमुड़ी एक चुनावी नारे की तरह इस्तेमाल होने लगा। वहीं पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार के पास भी लोगों का तांता लगने लगा। अब एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार को अंतरराष्ट्रीय नंबरों से धमकियां दी जा रही हैं। इनमें से कुछ नंबर पाकिस्तान के भी बताए गए हैं। दुकानदार



का कहना है कि धमकियों की वजह से उनका परिवार डर के साये के बीच रह रहा है। दुकानदार का नाम विक्रम साव है। प्रधानमंत्री मोदी ने विक्रम साऊ की दुकान से झालमुड़ी खरीदकर खाई थी और उनसे कुछ चर्चा भी की थी। विक्रम का कहना है कि उन्हें अचानक लोकप्रियता तो मिल गई लेकिन अब उन्हें डरकर रहना पड़ रहा है। विक्रम का कहना है कि उनके मोबाइल फोन पर पाकिस्तान और बांग्लादेश के नंबरों से फोन आते हैं। इसके अलावा वॉट्सऐप कॉल करके उन्हें और परिवार को जान से मारने की धमकी दी जाती है। इन धमकियों के बाद विक्रम साऊ काफी परेशानी में हैं। उन्होंने स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू की गई है। अंतरराष्ट्रीय नंबरों से इस तरह की धमकी मिलना गंभीर विषय है। बंगाल में 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप में अभिनेता परमब्रत चट्टोपाध्याय और अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह शिकायत गरियाहाट थाने में अधिवक्ता जॉयदीप सेन द्वारा दर्ज कराई गई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि दोनों कलाकारों ने सोशल मीडिया पर ऐसी टिप्पणियां की थीं जो मई 2021 में विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद तनावपूर्ण माहौल में राजनीतिक हिंसा को भड़का सकती थीं। शिकायत के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस द्वारा बहुमत का आंकड़ा पार करने के बाद परमब्रत ने दो मई 2021 को एक्स (तब ट्विटर) पर पोस्ट किया था, आज के दिन को विश्व पिटाई दिवस घोषित किया जाए। स्वास्तिका ने कथित तौर पर उस पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा था, हाहाहा, जाने दो। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इस तरह की टिप्पणियों से राज्य भर में चुनाव के बाद की अशांति के दौरान राजनीतिक शत्रुता और हिंसा का माहौल बना।

## जनता दर्शन में बोले सीएम योगी, यूपी सरकार की प्राथमिकता, सभी की समस्या का हो त्वरित समाधान

(एजेंसी) गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने प्रवास के दौरान



शुक्रवार सुबह यहां गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को आश्वासन दिया कि सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशील ढंग से किया जाए तथा हर निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। एक बयान के मुताबिक इस मौके पर मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि संवेदनशीलता के साथ हर पीड़ित की त्वरित सहायता की जानी चाहिए तथा किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी का उपचार नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का व्यय अनुमान शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए और उस व्यय अनुमान के मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

## दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता का बड़ा ऐलान, कम होंगे पानी और सीवर शुल्क, डीजेबी की नई नीति को मंजूरी

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने संपत्तियों पर लगने वाले पानी और सीवर शुल्कों को कम करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की एक नई और सरलीकृत नीति को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को इस फैसले की घोषणा करते हुए



कहा कि इस बदलाव से जनता को भारी वित्तीय राहत मिलेगी और पूरे सिस्टम में पारदर्शिता आएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संवाददाताओं से बातचीत में स्पष्ट किया कि अब से दिल्ली जल बोर्ड का इन्फ्रास्ट्रक्चर चार्ज यानी बुनियादी ढांचा शुल्क पानी की मांग के आधार पर तय किया जाएगा। यह शुल्क केवल नए विकास कार्यों या किसी संपत्ति के भीतर किए गए अतिरिक्त निर्माण पर ही लागू होगा। पुराने ढांचों पर इसका अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। सरकार ने आवासीय कॉलोनियों के वर्गीकरण के आधार पर पानी और सीवर शुल्कों में भारी कटौती की घोषणा की है। इस कदम से दिल्ली के मध्यम और निचले मध्यम वर्ग के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लाखों परिवारों को सीधे तौर पर फायदा पहुंचेगा और उनके पानी के बिलों में बड़ी कमी देखने को मिलेगी।

## लालू यादव को बड़ी राहत, कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोप तय करने का फैसला टाला, कोर्ट अब 9 जून को सुनाएगी आदेश

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की कोर्ट ने शुक्रवार को कथित आईआरसीटीसी होटल घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने पर अपना फैसला 9 जून तक टाल दिया। इस मामले की जांच ईडी कर रही है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले में फैसला सुनाने की तारीख 9 जून तक टाल दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का यह मामला कथित आईआरसीटीसी होटल घोटाले से जुड़े अपराध की आय को धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के जरिए छिपाने से संबंधित है। इस घोटाले का मूल मामला सीबीआई ने दर्ज किया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में आईआरसीटीसी होटलों के संचालन के ठेके देने में अनियमितताएं की गईं। अभियोजन पक्ष के अनुसार, होटल रखरखाव के ठेके निर्धारित नियमों का पालन किए बिना एक निजी कंपनी को दिए गए, जो कथित तौर पर राजद प्रमुख के करीबी सहयोगियों से जुड़ी थी। यह भी आरोप है कि इसके बदले में लगभग तीन एकड़ की



कीमती जमीन एक बेनामी कंपनी के जरिए हासिल की गई, जिसका संबंध कथित तौर पर लालू यादव के परिवार और सहयोगियों से था। मामले के आरोपियों में लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव, बेटियां मीसा भारती और हेमा यादव समेत अन्य लोग शामिल हैं। इससे पहले आरोपियों के वकीलों और ईडी की ओर से विस्तृत दलीलें पेश करने के बाद विशेष न्यायाधीश ने आरोप तय करने पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट में भी लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव द्वारा दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाएं लंबित हैं। इन याचिकाओं में ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें इसी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया गया था। पिछले साल अक्टूबर में राउज एवेन्यू कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार से जुड़े आरोप तय किए थे। आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया था। लालू यादव लगातार आरोपों से इनकार करते रहे हैं और उनका कहना है कि आईआरसीटीसी होटलों के टेंडर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से दिए गए थे।

## माता-पिता दोनों आईएएस तो आरक्षण क्यों,,, ओबीसी रिजर्वेशन पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में क्रीमी लेयर से जुड़े आरक्षण नियमों पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने इस मुद्दे पर सुनवाई करते हुए कहा कि जब किसी व्यक्ति के माता–पिता उच्च सरकारी पदों, जैसे कि आईएएस अधिकारी, पर कार्यरत हों, तो ऐसे परिवारों के बच्चों को आरक्षण का लाभ क्यों दिया जाना चाहिए। यह टिप्पणी उस याचिका की सुनवाई के दौरान आई, जिसमें क्रीमी लेयर की परिभाषा और आरक्षण से जुड़े प्रावधानों को चुनौती दी गई थी। अदालत ने इस विषय को सामाजिक न्याय और अवसरों के संतुलन से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि किसी परिवार में दोनों माता–पिता आईएएस अधिकारी हैं, तो उनके बच्चों को आरक्षण का लाभ देने का औचित्य क्या है। उन्होंने कहा कि शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण से सामाजिक गतिशीलता आती है। ऐसे में जिन परिवारों ने पहले ही आरक्षण का लाभ लेकर उच्च पदों और बेहतर सामाजिक स्थिति हासिल कर ली है, उनके बच्चों को उसी व्यवस्था का लाभ जारी रखना उचित नहीं माना जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि यह एक ऐसा विषय है जिस पर गहन विचार–विमर्श की आवश्यकता है, क्योंकि आरक्षण का उद्देश्य वंचित वर्गों को मुख्यधारा



में लाना है, न कि एक ही परिवार में बार–बार लाभ देना। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लसूएस) और ओबीसी क्रीमी लेयर की तुलना पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि दोनों श्रेणियों को एक समान नहीं माना जा सकता। अदालत के अनुसार, ईडब्लसूएस श्रेणी केवल आर्थिक पिछड़ेपन पर आधारित है, जबकि ओबीसी आरक्षण में सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन भी एक महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए दोनों के मानदंड अलग–अलग हैं और इन्हें समान स्तर पर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि इन दोनों श्रेणियों को एक जैसा मान लिया जाएगा, तो आरक्षण व्यवस्था के मूल उद्देश्य और अंतर ही समाप्त हो जाएंगे। जस्टिस नागरत्ना ने यह भी कहा कि आरक्षण व्यवस्था का उद्देश्य सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाना है, लेकिन जब एक ही परिवार में पीढ़ी दर पीढ़ी लोग उच्च पदों पर पहुंच जाते हैं, तो वहां सामाजिक गतिशीलता पहले ही स्थापित हो चुकी होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब माता–पिता सरकारी सेवा में उच्च पदों पर पहुंच चुके होते हैं, तो उनके बच्चों की स्थिति पहले जैसी वंचित नहीं रह जाती। ऐसे मामलों में आरक्षण के लाभ की निरंतरता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि कुछ सरकारी आदेशों के तहत ऐसे परिवारों को आरक्षण से बाहर किया जा रहा है और वे इस बहिष्कार को चुनौती दे रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इस पूरे मुद्दे पर संतुलन बनाना जरूरी है। सुनवाई के दौरान यह भी कहा गया कि आरक्षण प्रणाली में ऐसा ढांचा होना चाहिए, जिससे वास्तविक रूप से जरूरतमंद वर्गों तक ही इसका लाभ पहुंचे। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कोई अंतिम निर्णय नहीं दिया, लेकिन बेंच ने याचिका पर नोटिस जारी कर दिया है। इसका अर्थ है कि आने वाले समय में इस मुद्दे पर विस्तृत सुनवाई की जाएगी। अदालत की यह टिप्पणी आरक्षण नीति, सामाजिक न्याय और अवसरों के समान वितरण को लेकर एक नई बहस को जन्म दे सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला भविष्य में ओबीसी क्रीमी लेयर की परिभाषा और उसके दायरे पर महत्वपूर्ण असर डाल सकता है।

## अमित शाह का एलानः घुसपैठ पर अंकुश के लिए स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू, पाक-बांग्लादेश बॉर्डर को अभेद्य बनाएगी मोदी सरकार

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अगले साल ष्स्मार्ट बॉर्डरष परियोजना शुरू करेगी ताकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ 6,000 किलोमीटर लंबी सीमा को अभेद्य बनाया जा सके और इन क्षेत्रों की जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश विफल की जा सके। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा यहां आयोजित वार्षिक रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान में शाह ने इस बात को भी दोहराया कि सरकार देश से प्रत्येक घुसपैठिए को ढूंढ निकालेगी और उन्हें भारत से बाहर भेजेगी। बीएसएफ की 1965 में स्थापना के बाद के. एफ. रुस्तमजी इसके पहले महानिदेशक थे। शाह ने कहा, मैं बीएसएफ के जवानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम इसकी स्थापना के 60वें वर्ष में स्मार्ट बॉर्डर परियोजना को शुरू करेंगे और पाकिस्तान–बांग्लादेश की सीमाओं को अभेद्य बनाएंगे। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने



अगले एक साल में पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाओं पर एक मजबूत सुरक्षा घेरा बनाने का फैसला किया है और स्मार्ट बॉर्डर को तकनीक, ड्रोन, रडार और स्मार्ट कैमरों की मदद से अभेद्य सीमा बनाने में सहायता मिलेगी। मंत्री ने बीएसएफ जवानों से भारत की जनसंख्या को कृत्रिम रूप से बदलने की साजिश को नाकाम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम की मौजूदा भाजपा सरकारें इस नीति में विश्वास रखती हैं कि भारतीय सीमाओं से कोई घुसपैठ नहीं होनी चाहिए। शाह ने कहा कि उनका मंत्रालय जल्द ही सीमा सुरक्षा के विषय पर इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेगा।

## 101 मतों के साथ कांग्रेस नेता तिरुवनचूर राधा -कृष्णन चुने गए केरल विधानसभा अध्यक्ष

### –एलडीएफ प्रत्याशी को 35 व बीजेपी को मिले 3 वोट

(एजेंसी) तिरुवनंतपुरम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तिरुवनचूर राधाकृष्णन शुक्रवार को 16वीं केरल विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए। राधाकृष्णन को 101 वोट मिले क्योंकि प्रोटेम स्पीकर (अस्थायी अध्यक्ष) जी. सुधाकरन ने वोट नहीं डाला। राधाकृष्णन के अलावा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) के उम्मीदवार ए सी मोइदीन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बी बी गोपाकुमार भी इस पद की दौड़ में थे। हालांकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को 140 सीट वाली विधानसभा में 102 सदस्यों का बहुमत प्राप्त है। मोइदीन को 35 वोट मिले और गोपाकुमार को तीन वोट मिले। विधानसभा में एलडीएफ के 35 और भाजपा के तीन सदस्य हैं। यूडीएफ ने राधाकृष्णन की उम्मीदवारी की घोषणा कुछ दिन पहले ही कर दी थी जबकि विपक्षी मोर्चों ने बृहस्पतिवार को आधिकारिक तौर पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए।

## ईडी ने कोलकाता के पूर्व डीसीपी सोना पप्पू पर नए सिरे से छापेमारी की

(एजेंसी) कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता पुलिस के अधिकारी शांतनु सिन्हा बिस्वास और कथित अपराधी बिस्वजीत पोद्दार उर्फ घ्सोना पप्पू से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को कई परिसरों पर नए सिरे से छापेमारी की। उन्होंने बताया कि कोलकाता और मुर्शिदाबाद में कुल नौ परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। जिन परिसरों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई उनमें मोहम्मद अली उर्फ मैक्स राजू, बिस्वास के रिश्तेदार सौरभ अधिकारी और उसके एक करीबी सहयोगी रुहिल अमीन अली (जो कोलकाता पुलिस में सब इंस्पेक्टर है) के साथ–साथ मुर्शिदाबाद स्थित बिस्वास का घर भी शामिल है। पोद्दार को पूछताछ के बाद 18 मई को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया। बिस्वास को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था और इस मामले में एजेंसी ने अप्रैल में स्थानीय व्यवसायी जॉय एस कामदार को भी गिरफ्तार किया था। ईडी ने पहले कहा था कि पोद्दार का आपराधिक रिकॉर्ड है और पश्चिम बंगाल में जमीन हड़पने से जुड़े मामलों में वह और उसके साथी वांछित हैं। पोद्दार का नाम पहली बार 2015 में बालीगंज रेलवे यार्ड में हुई हिंसक झड़प के सिलसिले में सामने आया था। जांच अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद पोद्दार के खिलाफ कई आपराधिक आरोप सामने आए जिनमें 2017 का हत्या का एक मामला और 2021 में प्रेसिडेंसी जेल के बाहर प्रतिद्वंद्वी मुन्ना पांडे पर कथित हमला शामिल है।

# सम्पादकीय

## तमिलनाडु में सोशल जस्टिस की नई शुरूआत

तमिलनाडु की विजय सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए अलग मंत्रालय बनाया है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि इसके साथ ही तमिलनाडु, केरल के बाद ऐसा करने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है। विदित हो कि वेलाचेरी सीट से विधायक आर कुमार को राज्यपाल ने मंत्री पद की शपथ दिलाई है। इसके बाद मुख्यमंत्री विजय ने उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल सर्विसेज विभागों की जिम्मेदारी सौंपी है। तो वहीं दूसरी ओर तमिलनाडु की सियासत में मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने बड़ा प्रयोग करते हुए करीब 50 साल पुरानी परंपराओं को तोड़ दिया है। 2026 चुनाव के बाद बने नए कैबिनेट को कैबिनेट ऑफ फर्स्ट्स माना जा रहा है। जहां गठबंधन, युवाओं और सामाजिक संतुलन पर पूरी तरह नया फॉर्मूला अपनाया गया है। तमिलनाडु की राजनीति लंबे समय तक डीएमके और एआईडीएमके एकदलीय शासन पर टिकी रही। लेकिन इस बार विजय सरकार ने पहली बार एक औपचारिक गठबंधन कैबिनेट बनाया है। दशकों से चली आ रही सिंगल पार्टी परंपरा को तोड़ दिया। यह बदलाव सीधे तौर पर राज्य की राजनीतिक दिशा बदलने वाला माना जा रहा है। नई सरकार की सबसे बड़ी खासियत इसका युवा चेहरा है। कुल 33 मंत्रियों में से 11 मंत्री 40 साल से कम उम्र के हैं। लगभग पूरा कैबिनेट नए चेहरों से भरा है, सिर्फ एक मंत्री को पहले का अनुभव है। यानी विजय ने अनुभव से ज्यादा नई सोच और ऊर्जा पर दांव लगाया है। कैबिनेट में सामाजिक प्रतिनिधित्व को लेकर भी बड़ा बदलाव दिखा। इसमें 7 दलित मंत्रियों को जगह दी गई है। जो पहले से कहीं ज्यादा है। हालांकि सहयोगी दल के जुड़ने के बाद यह संख्या 8 तक पहुंच सकती है। यह कदम तमिलनाडु की राजनीति में सोशल जस्टिस की नई पॉलिटिक्स के तौर पर देखा जा रहा है। सबसे बड़ा वैचारिक बदलाव यहां देखने को मिला। दरअसल कैबिनेट में दो ब्राह्मण मंत्रियों को शामिल किया गया है। यह डीएमके और एआईडीएमके की उस परंपरा से अलग है, जहां ब्राह्मण चेहरों को आमतौर पर कैबिनेट से दूर रखा जाता रहा है। यानी विजय सरकार ने द्रविड़ राजनीति के पुराने ढांचे को भी चुनौती दी है। नई कैबिनेट में छोटे और पिछड़े समुदायों को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। हर वर्ग को साझेदारी का हिस्सा बनाने की कोशिश की गई है। इससे साफ संकेत है कि सरकार वोट बैंक नहीं, सामाजिक बैलेंस पर खेल रही है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक यह पूरा कैबिनेट डिजाइन एक रणनीति का हिस्सा है। तमिलनाडु की पारंपरिक दो–दलीय राजनीति (डीएमके और एआईडीएमके) को तोड़ने की भी कोशिश विजय सरकार कर रही है। इसके अलावा खुद को एक नई और आधुनिक राजनीति के विकल्प के रूप में पेश कर रहे हैं। हालांकि इस नए प्रयोग के साथ जोखिम भी है। कैबिनेट में अनुभव की कमी है। इसमें ज्यादातर नए चेहरे हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह युवा और विविध टीम प्रशासन में भी उतनी ही मजबूत साबित होगी, जितनी सियासी तौर पर दिख रही है।



नफीस जाफरी

## जस्टिस शरण की आपत्ति

दिव्या

एनएचआरसी के बारे में जस्टिस श्रीधरन की टिप्पणी इस धारणा की पुष्टि करती है कि संवैधानिक/वैधानिक संस्थाएं अपना काम करने के बजाय किसी राजनीतिक परियोजना से संचालित हो रही हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 588 मदरसों पर लगे आरोप की जांच करने का आदेश उत्तर प्रदेश सरकार को दिया। इल्जाम है कि ये मदरसे राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से अनुदान हासिल करते हैं, लेकिन इमारत, फर्नीचर, हॉस्टल आदि के मामलों में बुनियादी शैक्षिक मानदंडों का पालन नहीं करते। एनएचआरसी के इस आदेश को टीचर्स एसोसिएशन मदारिस अरबिया और अन्य कई पक्षों ने हाई कोर्ट में चुनौती दी। वहां न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति विवेक शरण की बेंच ने एनएचआरसी के आदेश पर रोक लगा दी। लेकिन निर्णय सुनाने के क्रम में उन्होंने जो टिप्पणियां कीं, उनसे उनके मतभेद जाहिर हुए। जस्टिस शरण का कहना था कि चूंकि एनएचआरसी की तरफ से कोर्ट में कोई मौजूद नहीं हुआ, अतरू उसके खिलाफ नकारात्मक टिप्पणी करना उचित नहीं है। जबकि जस्टिस श्रीधरन ने एनएचआरसी की कुल भूमिका पर सख्त आलोचनात्मक बातें कहीं। कहा कि जब मुसलमानों पर अत्याचार या उनकी लिंचिंग होती है, तो एनएचआरसी उन घटनाओं का संज्ञान नहीं लेता। उन्होंने ध्यान दिलाया कि एनएचआरसी का गठन मानव अधिकार अधिनियम 1993 के तहत हुआ था। उस कानून में मानव अधिकार की परिभाषा मौजूद है। उसके मुताबिक वे अधिकार इस दायरे में आएंगे, जिन्हें भारतीय संविधान में व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और गरिमा को सुनिश्चित करने के लिए शामिल किया गया है।साथ ही जो अंतरराष्ट्रीय संधियां भारत में लागू हैं, उनमें वर्णित अधिकार भी मानव अधिकार के दायरे में आते हैं। न्यायमूर्ति श्रीधरन ने कहा कि ऐसे अधिकारों की रक्षा तक खुद को सीमित रखने के बजाय एनएचआरसी वैसे मामलों में दखल दे रहा है, जिन्हें सामान्यतरू संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत जन हित याचिका के जरिए अदालतों के सामने लाया जाना चाहिए। आज के दौर में संवैधानिक या वैधानिक संस्थाओं की बनी भूमिका के संदर्भ में ये टिप्पणी बेहद अहम है। यह इस आम धारणा की पुष्टि करती है कि ये संस्थाएं अपेक्षित कार्य करने के बजाय किसी राजनीतिक परियोजना से संचालित हो रही हैं। अतरू जस्टिस शरण की आपत्ति तकनीकी रूप से जायज है, लेकिन जस्टिस श्रीधरन ने जो कहा, उसका संदर्भ व्यापक है।

# शरद पवार के रहस्यमयी मौन से मची हलचल



गुलफिशा खान

महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों मुंबई में हुई एक मुलाकात की चर्चा तेज है। बीते सोमवार को हुई यह मुलाकात राज्य के उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, उनके बेटे पार्थ पवार और राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की। पवार परिवार इसे एक सामान्य शिष्टाचार मुलाकात बता रहा है, लेकिन राजनीति के जानकार इसके निहितार्थ कुछ और निकाल रहे हैं। इसकी वजह यह है कि यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब सुनेत्रा की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में उथल–पुथल मची हुई है। इस मुलाकात के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रशांत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की रणनीति तैयार कर सकते हैं। इस मुलाकात की जानकारी भी एनसीपी के राज्य सभा सांसद पार्थ पवार ने ही एक ट्वीट के जरिए दी है। इसमें उन्होंने प्रशांत किशोर को अपना पारिवारिक दोस्त बताया है। उनका कहना है कि प्रशांत के साथ संबंध उनके पिता जी के समय का है। बीते दिनों वह शहर में थे,इसलिए हमने उन्हें लंच पर अपने घर आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा है कि प्रशांत जी ने अब रणनीति बनाने का काम छोड़ दिया है और मुझे नहीं लगता है कि वो फिर से इसे करने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि जरूरत पड़ने पर वो एक–दूसरे की मदद करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। पार्थ का यह ट्वीट वायरल हो गया। खासकर इसलिए क्योंकि यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अंदरूनी कलह से जूझ रही है। दरअसल अजित पवार की मौत के बाद पार्टी की कमान संभालने वाली सुनेत्रा पवार इन दिनों पार्टी पर पूरा नियंत्रण हासिल करने की कोशिश कर रही है। इसी क्रम में कुछ पुराने लोगों को उनके पदों से हटाया गया है और दोनों बेटों को बड़ी जिम्मेदारियां दी गई हैं। अजित पवार ने 2023 में चाचा शरद पवार से अलग होकर एनसीपी को अपने पाले में किया था। इसके बाद से ही उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार पार्टी की गतिविधियों में भाग लेने लगीं। अजित पवार के निधन के बाद ये गतिविधियां और बढ़ गईं। सुनेत्रा के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद से बेटे पार्थ पवार भी पार्टी के संगठन और राजनीतिक फैसलों में सक्रिय भूमिका निभाने लगे। तो वहीं दूसरी ओर मुंबई के वाईबी चव्हाण सेंटर में शरद पवार की मौजूदगी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के रणनीतिकारों और विधायकों का जमावड़ा लगा। इस बैठक में एजेंडा सिर्फ चुनावी नहीं, बल्कि राज्य की राजनीति में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) गुट की सक्रियता बढ़ाने का भी था। तुतारी चुनाव चिह्न के सहारे जमीन पर अपनी पकड़ मजबूत करने का



दम भर रही एनसीपी (एसपी) ने इस बैठक के जरिए अपने कैडर को रिचार्ज करने की कोशिश की। लेकिन इस पूरी बैठक की सबसे बड़ी सुगबुगाहट कांग्रेस या अन्य दलों के साथ विलय के सस्पेंस और अजीत पवार गुट के भीतर मची कथित बगावत को लेकर रही, जिसने पूरी चर्चा को विशुद्ध रूप से सियासी रंग दे दिया। बैठक के भीतर का माहौल तब बेहद दिलचस्प हो गया जब उपस्थित विधायकों ने पार्टी के किसी अन्य दल में विलय की चल रही खबरों पर सीधे नेतृत्व को घेर लिया। विधायकों का दो टूक कहना था कि इस तरह की अफवाहों से जमीन पर चौबीसों घंटे काम करने वाले कार्यकर्ताओं के बीच भारी भ्रम पैदा हो रहा है और इसका सीधा नुकसान संगठन को होगा। विधायकों की इच्छा थी कि खुद पावर सेंटर शरद पवार इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। हालांकि, पूरे घटनाक्रम के दौरान राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार ने रहस्यमयी मौन साधे रखा, जिससे कुछ विधायकों के बीच खुलकर और बेचैनी भी साफ दिखाई दी। शरद पवार की इस चुप्पी के बीच पार्टी के अन्य शीर्ष सिपहसालारों ने मोर्चा संभाला और विलय की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया। सांसद सुप्रिया सुले और वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने साफ किया कि विलय को लेकर शीर्ष स्तर पर कोई बातचीत नहीं चल रही है और हमारा एकमात्र लक्ष्य अपनी ही पार्टी को और मजबूत तथा बड़ा बनाना है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट लहजे में कह दिया कि अब इस तरह की किसी भी विलय की चर्चा की गुंजाइश खत्म हो चुकी है और इस पर पूरी तरह से विराम लग चुका है। दरअसल, इस सियासी बवाल की पटकथा कुछ दिनों पहले ही लिखी जा चुकी थी, जब अजीत पवार गुट के दो कद्दावर नेता सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल गुपचुप तरीके से शरद पवार से मिलने पहुंचे थे। इस मुलाकात के बाद से ही महाविकास अघाड़ी और महाराष्ट्र की राजनीति में अटकलों का बाजार गर्म था। अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, अजीत पवार गुट के भीतर तटकरे और पटेल की इस सीक्रेट डिप्लोमेसी को लेकर भारी नाराजगी है। यही वजह थी कि शरद पवार गुट के विधायक चाहते थे कि उनकी पार्टी इस पूरे घटनाक्रम पर अपना स्टैंड पूरी तरह क्रिस्टल क्लियर रखे ताकि कोई सियासी गफलत न रहे। इसी तनातनी के बीच बैठक के समानांतर एक और बड़ी खबर बाहर आई जिसने महायुति सरकार के खेमे में हड़कंप मचा दिया। सूत्रों का दावा है कि अजीत पवार गुट के भीतर चल रहे अंदरूनी कलह और अपनी ही सरकार में उपेक्षा से नाराज लगभग 22 विधायकों ने पिछले कुछ दिनों में शरद पवार से मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि ये विधायक पाला बदलने की पूरी तैयारी में हैं और सही वक्त का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, इतनी बड़ी सियासी हलचल के बावजूद इस आधिकारिक बैठक के भीतर अजीत पवार की एनसीपी के किसी भी नेता का नाम लेकर कोई सीधी चर्चा नहीं की गई, जो अपने आप में शरद पवार की एक सोची–समझी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। पार्टी ने केवल बंद कमरों की सियासत तक खुद को सीमित न रखते हुए जनता से जुड़े मुद्दों पर भी आक्रामक रुख अपनाने का फैसला किया है। नेताओं ने देश में बढ़ रहे ईंधन संकट और लगातार आसमान छूती महंगाई के मुद्दे पर विस्तृत रणनीति तैयार की। इसके साथ ही, देश भर के छात्रों और अभिभावकों के बीच आक्रोश का कारण बनी नीट परीक्षा के पेपर लीक और महाधांधली के मामले पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। साफ है कि शरद पवार ने एक तरफ जहां अपने कुनबे को एकजुट रखने के लिए मौन का सहारा लिया है, वहीं दूसरी तरफ अजीत पवार के किले में सेंध लगने की बातों को भी हवा दी है।

# भाई-भतीजावाद के फेर में बिखरते क्षेत्रीय दल



फरीद वारसी

पश्चिम बंगाल में सरकार बदलने के बाद से कई फैसले लिये जा रहे हैं। वहीं अब सॉल्ट लेक स्टेडियम के बाहर लगी फुटबॉल थीम वाली स्टैच्यू को हटाने का फैसला लिया गया है। इस स्टैच्यू को पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डिजाइन किया था। इस मूर्ति को हटाने के लिए राज्य के खेल मंत्री निसिथ प्रमाणिक ने यह घोषणा की। उन्होंने इस स्टैच्यू को बेतुकी और अर्थहीन बनावट बताया। बहरहाल, अब बात परिवारवाद पर आधारित क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की तो मालूम हो कि भारत या कहें कि दुनिया की राजनीति में परिवारवाद एक सामान्य घटना है। भारत में तो भाई–भतीजावाद एक मुहावरा बन गया है। प्राचीनकाल से चली आ रही यह परंपरा 21वीं सदी में भी जारी है। भारत में क्षेत्रीय दलों की राजनीति और नेतृत्व का आधार ही यह परिवारवाद है। यह कुछ स्तर पर यह राष्ट्रीय पार्टियों में भी पाया जाता है। भारतीय नेताओं ने अपना उत्तराधिकारी बेटे–बेटियों और भतीजों तक को बनाया. कई बार ये बेटे–बेटियां और भतीजे पार्टी को राजनीति में नई ऊंचाई पर ले गए तो कई बार गर्त में। इस आलेख के माध्यम से हम कुछ ऐसे ही बेटे–बेटियों और भतीजों के बारे में जानते हैं। आइए सबसे पहले बात करते हैं पश्चिम बंगाल की। जहां इसी महीने नई सरकार बनी है। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस को हराकर राज्य में अपनी पहली सरकार बनाई है। ममता बनर्जी ने कांग्रेस से बगावत कर तृणमूल कांग्रेस की स्थापना की थी। ममता अविवाहित हैं। उन्होंने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपना उत्तराधिकारी बनाया। पार्टी में अभिषेक का दबदबा बढ़ा है। पार्टी के हर फैसले पर उनकी छाप देखी जाती है। उम्मीदवारों के चयन में भी अभिषेक का दखल रहता है। इस बार का पूरा चुनाव अभियान उन्होंने ही संचालित किया। तृणमूल में अभिषेक की हैसियत नंबर दो की है। लेकिन तृणमूल कांग्रेस 294 सदस्यों वाली विधानसभा में केवल 80 सीटें ही जीत पाई है। अभिषेक दक्षिण 24 परगना जिले की डायमंड हार्बर लोकसभा सीट से सांसद हैं। इस लोकसभा सीट में सात विधानसभा सीटें आती हैं। इस बार के चुनाव में इसकी फाल्टा सीट के लिए हुए मतदान को रद्द कर दिया था। फाल्टा में 21 मई को दुबारा मतदान हुआ। लेकिन उससे पहले ही वहां से तृणमूल उम्मीदवार जहांगीर खान ने चुनाव से पीछे हट गए थे। इसे तृणमूल के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि खान अभिषेक बनर्जी के सबसे करीबी लोगों में से एक है। खान के इस फैसले को अभिषेक बनर्जी के लिए बड़े झटके और पार्टी पर कमजोर होती उनकी पकड़ के रूप में देखा जा रहा है। तृणमूल की चुनावों में मिली हार के बाद पार्टी के भविष्य को लेकर आशंकाएं जताई जा रही हैं। इसे देखते हुए ममता बनर्जी ने कहा है कि वो पार्टी को फिर से खड़ा करेंगी। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वो पार्टी कार्यालयों का खुद ही रंग–रोगन करेंगी। चाचा–भतीजे की सबसे बड़ी लड़ाइयां महाराष्ट्र में हुई हैं। वहां की सबसे मशहूर जोड़ी रही शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे और उनके भतीजे राज ठाकरे की। राज ठाकरे बाल ठाकरे के छोटे भाई श्रीकांत ठाकरे के पुत्र हैं। उनकी मां कुंदा ठाकरे बाल ठाकरे की पत्नी मीना ठाकरे की सगी बहन हैं। राज ठाकरे ने अपने राजनीतिक करियन की शुरुआत शिवसेना की छात्र ईकाई से शुरू की थी। वो अपने चाचा बाल ठाकरे की ही तरह आक्रामक राजनीति और भाषा शैली के लिए जाने जाते हैं। युवाओं में शिवसेना का विस्तार करने में राज ठाकरे का प्रमुख योगदान माना जाता है। एक समय राज ठाकरे शिवसेना में नंबर दो के नेता माने जाते थे। उन्हें बाल ठाकरे का स्वाभाविक उत्तराधिकारी माना जाता था। लेकिन जब पार्टी की बागडोर सौंपने का समय आया तो बाल ठाकरे अपने बेटे उद्धव ठाकरे को तरजीह दी। इससे नाराज राज ठाकरे ने नवंबर 2005 में शिवसेना से बगावत कर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का गठन किया। लेकिन वो महाराष्ट्र की राजनीति में कभी सफल नहीं हो पाए। वहीं पार्टी की कमान संभालने के बाद उद्धव ठाकरे भी कोई कमाल नहीं कर पाए। उद्धव के जमाने में ही शिवसेना का भाजपा से दशकों पुराना गठबंधन टूट गया। उद्धव ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से गठबंधन कर सरकार बनाई। लेकिन इससे शिवसैनिक असहज हो गए। क्योंकि कांग्रेस और एनसीपी शिवसेना की स्वाभाविक पार्टनर नहीं थीं। इसका परिणाम यह हुआ कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना में बगावत हो गई। शिंदे गुट ने भाजपा से हाथ मिला लिया। इसके बाद चली लड़ाई में उद्धव ठाकरे को अपनी पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह से भी हाथ धोना पड़ा। उद्धव की पार्टी विधानसभा चुनाव में कोई कमाल नहीं कर पाई। उसके बाद हुए बृहन्मुंबई नगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव के लिए उद्धव ने अपने चचेरे भाई राज ठाकरे से हाथ मिलाया। लेकिन यह गठबंधन भी नाकाम हुआ। दोनों मिलकर केवल 65 सीटें ही जीत पाए। इनमें छह सीटें राज ठाकरे की पार्टी को मिली थीं। इस तरह एक समय महाराष्ट्र में एकक्षत्र राज करने वाली शिवसेना छिन्न–भिन्न हो गई है। पंजाब निवासी कांशीराम ने 14 अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी बनाई थी। बसपा की प्रयोगशाला बना देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश। तीन जून 1995 से पहले उत्तर प्रदेश में कोई दलित मुख्यमंत्री नहीं बना था। बसपा की मायावती ने तीन जून 1995 को प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। बसपा ने भाजपा के समर्थन से यह सरकार बनाई थी। नौ अक्तूबर 2006 को निधन से कुछ साल पहले तक बसपा पर कांशीराम का नियंत्रण था। उन्होंने मायावती को अपना उत्तराधिकारी बनाया था.र। कांशीराम के निधन से पहले ही मायावती ने बसपा पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। मायावती के इशारे के बिना बसपा में एक पत्ता भी नहीं हिलता है। मायावती चार बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनीं। आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की राजनीति में यह कारनामा कोई नेता नहीं कर पाया था। लेकिन 2012 में सत्ता से हटने के बाद से बसपा की लोकप्रियता का ग्राफ लगातार नीचे जा रहा है। बसपा ने 2007 के चुनाव में 2006 सीटें जीत कर पहली बार अपने दम पर सरकार बनाई थी। लेकिन 2024 आते आते वह एक सीट पर सिमट गई है। पार्टी के लगातार खराब प्रदर्शन और अपनी उम्र को देखते हुए मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को 2023 में बसपा का नेशनल कोऑर्डिनेटर और अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। साल 2024 के चुनाव में आकाश आनंद ने आक्रमक रूप से रैलियां कीं। इसके बाद मायावती ने उन्हें दोनों पदों से हटा दिया। लेकिन जून 2024 में उन्हें दोनों पदों पर फिर से बहाल कर दिया गया। मायावती ने मार्च 2025 में एक बार फिर आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर और उत्तराधिकारी पद से हटा दिया। आकाश आनंद को मायावती ने अप्रैल 2025 में फिर से नेशनल कोऑर्डिनेटर तो बनाया। लेकिन कहा कि उनके जीते जी कोई उनका उत्तराधिकारी नहीं होगा। आकाश आनंद इतने दिनों में कोई कमाल नहीं कर पाए हैं। जबकि उनके ऊपर पार्टी के विस्तार की जिम्मेदारी है। आज हालत यह है कि बसपा का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा ही संकट में है। राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा के चौटाला परिवार का एक समय देश–प्रदेश की राजनीति में बोलबाला था। कई दलों की राजनीति करने के बाद चौधरी देवीलाल ने इंडियन नेशनल लोकदल की स्थापना की थी। वो हरियाणा के मुख्यमंत्री और देश के उपप्रधानमंत्री भी रहे। उनके बेटे ओमप्रकाश चौटाला भी हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे। लेकिन ओमप्रकाश चौटाला के अंतिम समय में इनेलो बिखरने लगी। ओमप्रकाश चौटाला ने अपने जीवनकाल में ही पार्टी की कमान अपने छोटे बेटे अभय सिंह चौटाला को सौंप दी थी। चौधरी देवीलाल का इंडियन नेशनल लोकदल आज दो टुकड़ों में बंट चुका है। जिस पार्टी ने हरियाणा में कई बार सरकार बनाई आज विधानसभा में उसके केवल दो विधायक हैं। इससे आहत होकर उनके बड़े बेटे अजय सिंह चौटाला के बेटे दुष्यंत चौटाला ने जननायक जनता पार्टी (जेजेपी)के नाम से अपना अलग दल बना लिया था। जेजेपी को 2019 के चुनाव में 10 सीटों पर जीत मिली। उसने भाजपा के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई। दुष्यंत चौटाला उपमुख्यमंत्री बने। लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव से पहले यह गठबंधन टूट गया। परिणाम यह हुआ कि जेजेपी उस चुनाव में कोई भी सीट नहीं जीत पाई। यहां तक की दुष्यंत चौटाला अपनी सीट उचाना कलां में खुद चुनाव हार गए। वहीं इनेलो केवल दो सीटें ही जीत पाई। हालत यह है कि हरियाणा में कई बार सरकार चलाने वाली इनलो विधानसभा में केवल दो सीटों पर ही सिमटी हुई है। लोक दल की स्थापना किसान नेता चौधरी चरण सिंह ने की थी। आजादी के आंदोलन से निकले चरण सिंह को किसानों का सबसे बड़े नेता माना जाता था।







लोकदल को कभी उत्तर भारत की एक बड़ी राजनीतिक ताकत माना जाता था। उत्तर प्रदेश में तीन बार मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, हरियाणा का मुख्यमंत्री और उपप्रधानमंत्री रह चुके देवीलाल भी कभी लोकदल से जुड़े रहे। लेकिन 1987 में चौधरी चरण सिंह के निधन के बाद उनके बेटे चौधरी अजित सिंह और पार्टी के दूसरे नेताओं में लोकदल का नेता बनने को लेकर वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो गई। मामला चुनाव आयोग तक पहुंचा। आयोग ने कहा कि अजित सिंह अपने पिता की संपत्ति के तो वारिस हो सकते हैं उनकी पार्टी के नहीं। इसके बाद अजित सिंह ने कई तरह के राजनीतिक प्रयोग करने के बाद 1996 राष्ट्रीय लोकदल का गठन किया। लेकिन यह पार्टी कभी करिश्मा नहीं कर पाई। वह कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा तो कभी समाजवादी पार्टी से गठबंधन कर पश्चिम उत्तर प्रदेश में कुछ सीटें जीत लेती है। इस समय इस पार्टी की कमान अजित सिंह के बेटे जयंत चौधरी के हाथ में है। वो भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल है। राष्ट्रीय लोकदल केंद्र और उत्तर प्रदेश में साझीदार है।

# सीएम अभ्युदय योजना की निःशुल्क कोचिंग हेतु आवेदन शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद में यूपीएससी, नीट एवं जेईई परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग संचालित की जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने बताया कि यह कोचिंग 1 जुलाई से राजकीय इंटर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सैफई में शुरू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 25 मई से 24 जून तक आवेदन पत्र जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, राजकीय इंटर कॉलेज अथवा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सैफई से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर 24 जून को शाम 5 बजे तक किसी भी निर्धारित केंद्र पर जमा करना होगा। नीट एवं जेईई कोचिंग के लिए विज्ञान वर्ग में कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण छात्र–छात्राएं पात्र होंगे, जबकि सिविल सेवा एवं पीसीएस परीक्षा के लिए स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अथवा स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7017544033 एवं 9557509437 पर संपर्क किया जा सकता है।

# वृक्षारोपण की सूचना न देने वालों को वन विभाग की अंतिम चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग विकास नायक ने जनसाधारण को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 के अंतर्गत निजी वृक्षों के पातन हेतु जारी अनुज्ञा पत्रों के संबंध में वर्ष 2017–18 के वृक्ष स्वामियों को अंतिम अवसर दिया जा रहा है। विभाग के अनुसार अप्रैल 2017 से मार्च 2018 के बीच जिन लोगों को वृक्ष पातन की अनुमति दी गई थी, उन्हें अधिनियम की धारा–5 के तहत प्रत्येक पातित वृक्ष के बदले दस पौधे लगाने थे। साथ ही इसकी सूचना विभाग को उपलब्ध करानी थी। जिन वृक्ष मालिकों ने अभी तक पौधारोपण की सूचना नहीं दी है तथा अपनी जमानत राशि वापस नहीं ली है, उन्हें नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर लिखित सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में सूचना उपलब्ध न कराने पर यह माना जाएगा कि संबंधित वृक्ष मालिकों द्वारा पौधारोपण नहीं किया गया। ऐसी स्थिति में विभागीय स्तर पर पौधारोपण कराया जाएगा तथा इसकी प्रतिपूर्ति के रूप में संबंधित वृक्ष मालिकों की जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।

# जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण कार्य शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनगणना 2027 के तहत शुक्रवार से मकान सूचीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पालिका



नेता प्रतिपक्ष शरद बाजपेयी ने जनगणना निदेशालय लखनऊ से आई टीम के साथ अपने क्षेत्र में अभियान की शुरुआत कराई और प्रगणकों के साथ मौजूद रहकर कार्य का जायजा लिया। इस दौरान शरद बाजपेयी ने कहा कि मकान सूचीकरण का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रभावी रूप से संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी प्रगणकों को पूरा सहयोग दिया जाएगा और यदि किसी भी प्रगणक को कोई समस्या आती है तो वह तत्काल उन्हें अवगत कराएं, ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि जनगणना अभियान में सहयोग करें, जिससे सूचीकरण कार्य सुचारु रूप से पूरा हो सके। मकान सूचीकरण अभियान में जनगणना निदेशालय से पुल्किता शर्मा, सुपरवाइजर सतीश कुमार तथा प्रगणक दीप्ति दीक्षित, फरहीन नाज, लईक अहमद, नौरीन जलील, नुसरत जहां और विजय कश्यप शामिल रहे। फोटो कैप्शन . मकान सूचीकरण कार्य के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शरद बाजपेयी, पुल्किता शर्मा, सुपरवाइजर सतीश कुमार एवं प्रगणक मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट के आदेश पर रंजीत की संपत्तियों की जांच शुरू

## - सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित हुई जांच समिति

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश के अनुपालन में रंजीत सिंह की चल एवं अचल संपत्तियों की जांच शुरू कर दी गई है। सिटी मजिस्ट्रेट एवं जांच समिति के अध्यक्ष द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि रिट याचिका संख्या 12198/2025 रंजीत सिंह बनाम नीतू सिंह में पारित आदेश 23 अप्रैल के अनुपालन में जिलाधिकारी के आदेश से जांच समिति गठित की गई है। जांच समिति द्वारा रंजीत सिंह पुत्र बालकराम निवासी बिजौली थाना बकेवर तहसील भर्थना की स्वामित्व एवं कब्जे वाली चल–अचल संपत्तियों, जमीन एवं अन्य परिसंपत्तियों की जांच की जा रही है। प्रेस विज्ञप्ति में आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी व्यक्ति के पास रंजीत सिंह की संपत्तियों से संबंधित कोई सूचना उपलब्ध हो तो वह 22 मई तक किसी भी कार्य दिवस में सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अपनी सूचना प्रस्तुत कर सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त सूचनाओं को जांच प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

# श्रमिकों के लिए शास्त्री चौराहे पर शुरू हुआ निःशुल्क प्याऊ

## - मंत्री ने पंचायत भवन व डिजिटल लाइब्रेरी का किया लोकार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भीषण गर्मी को देखते हुए शास्त्री चौराहे पर श्रमिकों के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने किया। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों की समस्याएं सुनीं तथा उन्हें अपने हाथों से पानी पिलाकर राहत पहुंचाई। मंत्री ने कहा कि गर्मी के पूरे मौसम में श्रमिकों को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही अधिकारियों को श्रमिकों के लिए स्थायी बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को मिठाई वितरित की गई तथा पेयजल के लिए मटकों की व्यवस्था कराई गई। इसके बाद मंत्री ने मनियामऊ पंचायत भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि पंचायत भवन के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न



सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने जानकारी दी कि मनियामऊ में चार आंगनबाड़ी केंद्र और तीन प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं। मंत्री ने निर्देश दिए कि पंचायत भवन पर सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के बैनर लगाए जाएं ताकि ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी मिल सके और पात्र लोगों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ प्रदान किया जा सके। उन्होंने जनगणना कार्य का उल्लेख करते हुए कहा कि घर–घर जाकर मोबाइल के माध्यम से सही एवं प्रमाणिक जानकारी जुटाई जाएगी। कार्यक्रम के उपरांत मंत्री द्वारा मनियामऊ में वृक्षारोपण किया गया। इसके बाद महिपालपुर डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए अध्ययन का बेहतर केंद्र बनेगी और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने लाइब्रेरी में उपयोगी पुस्तकों एवं जनरल नॉवेल की व्यवस्था कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम सहित विभिन्न अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महंगाई व बिजली कटौती के विरोध में सपा का प्रदर्शन

## - राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और बिजली की अघोषित कटौती के विरोध में प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार का सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का नारा पूरी तरह खोखला साबित हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लगातार पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी कर आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है, जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच बिजली की अघोषित कटौती से जनता परेशान है और लोगों में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनहित के मुद्दों पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो समाजवादी पार्टी और बड़ा आंदोलन करेगी। विधायक राघवेंद्र गौतम ने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है और महंगाई की मार से आम जनता त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। समाजवादी पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से



पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतें वापस लेने तथा बिजली कटौती बंद कराने की मांग उठाई। कार्यक्रम में वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, गोपाल यादव, केपी शाक्य, सर्वेश शाक्य, हाजी शमीम अहमद, उदयभान सिंह, लाखन सिंह जाटव, राजीव यादव, कुलदीप गुप्ता, आशीष राजपूत, रवींद्र शुक्ला, आनंद यादव टंटी, विक्की गुप्ता, सीमा यादव, राहुल गुप्ता, अब्दुल अंसारी सहित बड़ी संख्या में सपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड का आयोजन

## - एसएसपी ने यूपी-112, मेस और एमटी शाखा का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन



में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने ली। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों की शारीरिक एवं मानसिक दक्षता पर विशेष जोर दिया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों से दौड़ एवं व्यायाम कराया गया। साथ ही अनुशासन, समन्वय और एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल भी कराई गई। इसके बाद एसएसपी ने यूपी–112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट एड किट तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की जांच की गई और संबंधित कर्मचारियों को उपकरणों के रखरखाव एवं नियमित साफ–सफाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता और साफ–सफाई का जायजा लिया। साथ ही एमटी शाखा और फायर सर्विस कार्यालय का निरीक्षण कर वाहनों की स्थिति, अभिलेखों एवं आवश्यक उपकरणों की जांच की तथा वाहनों को सदैव क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिए। एसएसपी ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित पुलिसकर्मियों के आवासों का भी निरीक्षण किया और साफ–सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इसके उपरांत आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा अर्दली रूम में पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस मॉडर्न स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

## - बच्चों के सर्वांगीण विकास पर रहेगा विशेष फोकस

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल में समर कैंप–2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वामा सारथी इटावा की अध्यक्षा रीना श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंप बच्चों में टीम भावना, अनुशासन और रचनात्मकता विकसित करते हैं। साथ ही बच्चों को खेलों के साथ योग को भी जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी गई। समर कैंप में खेल, योग, संगीत, डांस, क्राट एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कैंप के अंतर्गत बास्केटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, योग, म्यूजिक और डांस जैसी गतिविधियों के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। सुबह का सत्र योग और खेलों के लिए तथा अन्य सत्र डांस, क्राट और म्यूजिक के लिए निर्धारित किए गए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक सक्सेना ने बताया कि 10 दिवसीय समर कैंप में 200 से अधिक बच्चों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि यह कैंप पुलिस परिवार के बच्चों के साथ–साथ अन्य




बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइंसध्जसवंतनगर आयुषी सिंह, शोभा, वंदना, महिला कांस्टेबल अंशिका एवं बेबी, विद्यालय का समस्त स्टाफ और शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# शिया नेशनल इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की खतिजा ने हासिल किया 7 वां स्थान

## – मौलाना अली अब्बास वफा को सेवाओं के लिए अवॉर्ड और शॉल से किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मुंबई। हैदराबाद के इबादत खाना–ए–हुसैनी में 6वीं वाईएएम शिया नेशनल इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों से छात्रों, उलेमा और मोमिनीन ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस रूहानी और इल्मी कार्यक्रम का उद्देश्य इस्लामी शिक्षाओं और अहलेबैत (अ.स.) की पहचान को बढ़ावा देना था। क्विज प्रतियोगिता अमीर–उल–मोमिनीन हजरत अली इब्न अबी तालिब (अ.स.) के खुत्बों, खुतूत और अकवाल के महान संग्रह नहजुल बलागा पर आधारित थी। प्रतिभागियों ने नहजुल बलागा की तालीमात, हिकमत और मूल्यों के




बारे में असाधारण जानकारी का प्रदर्शन किया। बच्चों के बीच अमीर–उल–मोमिनीन हजरत अली (अ.स.) की शिक्षाओं और फरमूदात को आम करने की यह कोशिश एक बेहतरीन रहनुमाई का जरिया साबित हुई। वास्तव में नई नस्ल को नहजुल बलागा के रौशन अफकार से जोड़ने की यह पहल काबिले–तारीफ है। देशभर से प्रतिभाशाली बच्चों का चयन कर उनके बीच पारदर्शी और कठिन परीक्षा आयोजित करना शिया ज्ट के चेयरमैन हाशिम की अथक मेहनत, बेहतरीन योजना और खुलूस का स्पष्ट प्रमाण है। विशेष रूप से प्रतियोगिता के अंत में पाँच बच्चों का पारदर्शी चयन उल्लेखनीय रहा। इनमें चार बच्चों को ईरान और इराक की मुकद्दस जियारत का सफर इनाम में दिया गया, जबकि एक बच्ची को स्कॉलरशिप प्रदान की गई। इससे बच्चों का उत्साह बढ़ा और उनके भविष्य के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत भी बना। मुंबई, महाराष्ट्र से मौलाना अली अब्बास वफा, चेयरमैन एसएनएन चैनल, पिछले तीन वर्षों से इस पहल से जुड़े हुए हैं और लगातार मुंब्रा–ठाणे की प्रतिनिधित्व इस कार्यक्रम में होती रही है। इस वर्ष मुंब्रा के चार छात्रों ने 600 में से 600 अंक प्राप्त किए। लगभग 80 लड़के और लड़कियों ने भाग लिया। बाद में शीर्ष चार छात्रों के बीच एक और परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें खतिजा जहरा बिन्ते जाफर अली ने हैदराबाद में 7 वां स्थान प्राप्त कर मुंब्रा, ठाणे और महाराष्ट्र का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के आयोजकों और जिम्मेदार सदस्यों ने उलेमा, बच्चों और उनके अभिभावकों की बेहतरीन मेहमाननवाजी की। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण हस्तियाँ मौजूद रहीं, जिनमें कश्मीर के सांसद , ख्वाजा गरीब नवाज के सज्जादा नशीन , सहित अनेक सम्मानित और गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

# तपती गर्मी में मीठे पानी की लगाई छबील

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। मई की तपती गर्मी में राहगीरों के लिए नगर में कई जगह मीठे पानी की छबील लगाई गई।



जिसमें हजारों लोगों ने मीठे ठण्डे पानी को पीकर राहत की सांस ली। गंगोह रोड शिव मंदिर पर अग्रवाल समाज के लोगो द्वारा ठण्डे मीठे पानी की छबील लगा हजारों लोगों को पानी पिलाया। वहीं दूसरी ओर मोहल्ला शेखजादगान निवासी छोटे छोटे बच्चों ने आपस में पैसा जमाकर खुद के पैसों से दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर ठन्डे मीठे पानी की छबील लगाकर हजारों लोगों को ठण्डा पानी पिलाया।

# राजशेखर मालिक बने यूपी टी-10 लीग में गोरखपुर जट्स के उप कप्तान

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। किसान सहकारी चीनी मिल के कर्मचारी नानौता निवासी राजशेखर मलिक का चयन यूपी टी–10 क्रिकेट लीग 2026 में गोरखपुर जट्स टीम के उप कप्तान के रूप में हुआ है। किसान सहकारी चीनी



मिल के जीएम अंकित कुमार (पीसीएस) ने राजशेखर मलिक को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की। नानौता निवासी राजशेखर मलिक को टी–10 स्पेशलिस्ट खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है क्योंकि पिछले कई साल से टी 10 फॉर्मेट में ही क्रिकेट खेल रहे हैं। 2022–23 तक उत्तराखंड टी–10 क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर टीम, 2024–25 तक दिल्ली टी–10 क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर टीम तथा 2025–26 में अवध टी 10 क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर टीम कप्तान के रूप में खेल चुके हैं। राजशेखर मलिक ने बताया कि यूपी टी–10 क्रिकेट लीग 2026 का शुभारंभ 25 मई 2026 से 1 जुन 2026 को स्थित स्वर्गीय पूरनचंद त्यागी क्रिकेट स्टेडियम में होगा। सभी मैचों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। अपनी सफलता का श्रेय राजशेखर मलिक ने श्वेतांश धार तथा टी–10 क्रिकेट एसोसिएशन (इंडिया) के महासचिव राजीव यादव को दिया है। इस मौके पर उनके पिता जोगिंदर सिंह मलिक, सीए सौरभ बंसल, सिविल इंजीनियर अनिल शर्मा, भाई आशीष कुमार, योगेंद्र कुमार, रविंद्र सिंह, प्रमोद राणा सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# एसपी व एएसपी ने विवेचना अधिकारियों को दिए टैबलेट

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस तकनीकी सेवाएं मुख्यालय के आदेश के क्रम में एवं नवीन आपराधिक अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के .ष्टिगत जनपद में पुलिसिंग को और अधिक सशक्त एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने हेतु महत्वपूर्ण पहल



की गई। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी अपराध गौरव उपाध्याय द्वारा जनपद के विभिन्न थानों पर नियुक्त विवेचना अधिकारियों को कुल 92 टैबलेट वितरित किए गए। इन टैबलेट्स का उद्देश्य विवेचना कार्य को डिजिटल, पारदर्शी एवं तीव्र बनाना है। रिजर्व पुलिस लाइन सभा कक्ष में डीसी सीसीटीएनएस सहायक उपनिरीक्षक रहमान रशीद एवं सहायक उपनिरीक्षक अंकुर जायसवाल की उपस्थिति में समस्त विवेचना अधिकारियों को टैबलेट के प्रभावी उपयोग हेतु विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण ऐप्स के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। इस पहल के माध्यम से पुलिस द्वारा तकनीक आधारित आधुनिक पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए विवेचना की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे इन डिजिटल संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाया जा सके।

# पुलिस-बदमाश मुठभेड़ में दो शातिर गिरफ्तार

## - हिस्ट्रीशीटर सागर समेत दो बदमाशों के पैरों में लगी गोली, चोरी का माल व हथियार बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बकेवर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर सहित दो अभियुक्तों को गिरतार किया गया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के दोनों पैरों में तथा दूसरे के एक पैर में गोली लगी। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया सोना–चांदी, नकदी, अवैध तमंचे, कारतूस एवं चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचन्द्र के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन मौर्या के नेतृत्व में थाना बकेवर पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार 22 मई को थाना बकेवर पुलिस नगला बरी विशुनामई तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक ग्राम बिजौली की ओर से आते दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किए जाने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर दूसरी पुलिस टीम ने



भी लुधियानी मार्ग पर घेराबंदी की। दोनों ओर से खुद को घिरता देख बदमाशों ने दोबारा पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सागर उर्फ शिवम पुत्र रामशंकर उर्फ पप्पू निवासी गिहार नगर कॉलोनी थाना भरथना के दोनों पैरों में तथा मोनू पुत्र महेश निवासी गिहार नगर कॉलोनी थाना भरथना के दाहिने पैर में गोली लगी। दोनों को घायल अवस्था में गिरतार कर लिया गया। मौके से दो अवैध तमंचा 315 बोर, चार जिंदा कारतूस, छह खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने थाना बकेवर क्षेत्र के ग्राम विद्या विहार स्थित बंद मकान में चोरी की घटना तथा बिजौली लाईओवर के पास स्थित मकान से नकदी चोरी करने की वारदात कबूल की। पुलिस ने उनके कब्जे से 20 ग्राम गला हुआ सोना, 200 ग्राम गला हुआ चांदी, छह हजार रुपये नकद, हथौड़ा, कटर, प्लास और सब्बल भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त सागर उर्फ शिवम थाना भरथना का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट, मारपीट, अपहरण, पॉक्सो एवं अन्य गंभीर धाराओं में अनेक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अभियुक्त मोनू के खिलाफ भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। मामले में थाना बकेवर पर मुकदमा संख्या 145ध्2026 धारा 109 बीएनएस एवं 3ध्25ध्27 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजी.त किया गया है। साथ ही पूर्व में दर्ज मुकदमों में भी धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल दो अन्य अभियुक्त रोहित पुत्र महेश एवं अभिषेक पुत्र कन्जू निवासी गिहार नगर कॉलोनी थाना भरथना फरार हैं, जिनकी गिरतारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक, उपनिरीक्षक अंकित पटेल, उपनिरीक्षक कौशल कुमार, हेड कांस्टेबल मनमोहन, गयेंद्र, जितेंद्र, प्रदीप कुमार, कांस्टेबल चिराग, रवि पवार, मनोज, अखिलेश एवं अतुल शामिल रहे।

# महलई में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 108 मरीजों का परीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत महलई में आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. शीलेन्द्र सिंह एवं डॉ. इंदू सिंह ने 108 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क औषधियां



वितरित कीं। चिकित्सकों ने वर्तमान मौसम में फैल रही बीमारियों से बचाव के उपाय बताते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। शिविर में उल्टी, दस्त, बुखार, सर्दी–जुकाम, पेट दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं त्वचा संबंधी रोगों से पीड़ित बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान प्रेम सिंह, राहुल शाक्य, जिलेदार, रोहित एवं अनुज यादव ने शिविर के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया।

# मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किए छह वाहन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह यादव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक यातायात राम प्रकाश व पीटीओ अवध राज गुप्ता




व यातायात टीम द्वारा संचालित किये गये अभियान के दौरान गोनार्द लान हुजूरपुर रोड के निकट अवैध तरीके से स्टैंड बनाकर सवारी भर रहे ऑटो चालकों के विरुद्ध नियमानुसार मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 06 वाहनों को सीज कर यातायात कार्यालय में खड़ी कराई गई है।

# पेयजल न मिलने से नाराज लोगों ने महाराणा प्रताप चौक पर लगाया जाम

## – अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने खोला जाम, दिया शिकायती पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शहर मुख्यालय के देवनगर पाल मोहल्ला झीलकापुरवा में पीने का पानी न मिलने से नाराज लोगों ने महाराणा प्रताप चौक के पास पहुंच कर रोड जाम किया। अधिकारियों के आश्वासन के



बाद लोगों ने जाम खोला और अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या निस्तारण की मांग की। पाल मोहल्ले में पानी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई दिनों से उनके क्षेत्र में पानी नहीं आ रहा है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। मोहल्ले के निवासी दिनेश गिरि (नागा बाबा) ने जिला प्रशासन को प्रार्थना पत्र लिखकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि पूरे मोहल्ले में सिर्फ एक ही नल है, जिसमें 300 से अधिक लोग पानी भरने आते हैं। लेकिन यह नल भी कई दिनों से सूखा पड़ा है। दिनेश गिरि ने लिखा, ष्हम लोग कई बार पानी के लिए प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यह बहुत गंभीर समस्या बन गई है। निवासियों की मांगरू पाल मोहल्ले के लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से तुरंत पानी की आपूर्ति बहाल करने और समस्या के स्थायी समाधान की अपील की है।

# चेयरमैन ने टॉपर्स बच्चों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

महमूदाबाद, सीतापुर। महमूदाबाद के वार्ड शेरापुर में स्थित मदरसा उस्मानिया जियाउल उलूम में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें हाईस्कूल टापर व अन्य क्लास के टापर बच्चों को मुख्य अतिथि आमिर अरफात चेयरमैन महमूदाबाद द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आमिर अरफात चेयरमैन महमूदाबाद ने टापर बच्चों को सील्ड देकर सम्मानित किया वही पर मदरसा के प्रधानाचार्य मोहम्मद इमरान ने सभी अतिथियो को अंगवस्त्र व शील्ड देकर सम्मानित किया इस कार्यक्रम में हाईस्कूल टापर निदा,मो० आमीन, शगुता, परवीन



बानो, अक्सा, मो० हमदान, शादाब, मो० खालिद, खुशनुमा रुसदा, गुलफसा, नगमा बानो, सानिया बानो,आयशा बानो, मो० बानो, मोहम्मद अयान, मोहम्मद अरसलान, मोहम्मद फुजैल, मोहम्मद जैद फहद आलम, जैनब खातून, साबरीन बानो, आतिका रहमान आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तेजनीपुर इंटर कालेज प्रबंधक कमलेंद्र वर्मा भगौती प्रसाद इंटर कालेज प्रबंधक सुनील वर्मा व मदरसा के प्रधानाचार्य हाफिज गुलाम वारिस मौलाना उस्मान कासमी मौलाना रमजान मोहम्मद ईशहाक हाफिज इकराम हाफिज मैनुद्दीन मास्टर तालिब मोहम्मद इसरार जय प्रकाश वर्मा प्रदीप वर्मा सुमन वर्मा सना खातून शहाना शेख गौसिया शहाना खातून सबा आदि उपस्थित रहे।

# 25 मई से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जून 2026 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 25 मई से 10 जून 2026 तक होगा। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों विकास खण्ड कैसरगंज, चित्तौरा, जरवल, तेजवापुर, नवाबगंज, पयागपुर, फखरपुर, बलहा, महसी, मिहींपुरवा, रिसिया एवं नगरीय क्षेत्रों नगर पालिका परिषद बहराइच, नगर पंचायत जरवल एवं रिसिया की सम्पूर्ण उचित दर दुकानों पर एवं नगर पालिका परिषद् नानपारा की 02 उचित दर दुकानों (दिलशाद अहमद शॉप आईडी–10500117 एवं रक्षाराम–10500120) पर अन्त्योदय राशनकार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (20 कि.ग्रा. चावल, 14 कि.ग्रा. गेहू एवं 01 कि.ग्रा. मक्का उपलब्धतानुसार चावल के स्थान परं समायोजित होने तक) प्रथम आओ, प्रथम पाओ के आधार पर निःशुल्क वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि इसके अतिरिक्त जिले के अन्य ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में अन्त्योदय कार्डो पर 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न प्रति कार्ड (21 कि.ग्रा. चावल व 14 कि.ग्रा. गेहूं) एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। वितरण की अन्तिम तिथि 10 जून 2026 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

# जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## - अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। अभिषेक झा ने गुरुवार को जनपद पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी शिकायतें एवं प्रार्थना पत्र एसपी के समक्ष प्रस्तुत किए। एसपी अभिषेक झा ने प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक मामलों, मारपीट, धोखाधड़ी एवं अन्य शिकायतों से जुड़े प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन पर संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसपी



ने अधिकारियों से कहा कि फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर पीड़ितों को राहत दिलाई जाए। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में व्यापार मंडल ने बांटा ठंडा शरबत

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भीषण गर्मी और तेज धूप से परेशान आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से व्यापार मंडल के जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी के संयोजन में साबितगंज चौराहे के पास ठंडे शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने शरबत का सेवन



कर गर्मी से राहत महसूस की। कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में व्यापारी समाज को आगे आकर जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी हैं और लोगों को राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर फैज आलम, अदनान, अली, उवैस, तैय्यब, अबू बकर सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# बनवारी लाल कंछल के सामने उठा व्यापारी उत्पीड़न का मामला

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में तेल व्यापारी शरद अग्रवाल के उत्पीड़न का मामला प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में पहुंचे संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने आश्वासन दिया कि पूरे मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और व्यापारियों के हितों की रक्षा की जाएगी। बैठक का आयोजन युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता के प्रतिष्ठान पर किया गया। इस दौरान बनवारी लाल कंछल ने कहा कि प्रदेश में किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार व्यापारियों की सुरक्षा और



सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है तथा व्यापारी उत्पीड़न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. ए.के. शर्मा, प्रदेश महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार जैन, शिवकुमार सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार पाल, संगठन मंत्री अवधेश दुबे, रमेश जैन, युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे, रेडीमेड संगठन अध्यक्ष विनोद जैन बोनू, अंकुर शाक्य, गगन पोरवाल, रामदत्त अध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप, जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, जिला वरिष्ठ शर्मा, आशीष दत्त तिवारी, अश्वनी दुबे, पीयूष वर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# नसबंदी के बाद महिला से मारपीट, पति पर घर से निकालने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। गांव में नसबंदी ऑपरेशन कराने के बाद महिला के साथ मारपीट और उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति पर शराब के नशे में आए दिन मारपीट करने और मानसिक प्रताड़ना देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

महिला के अनुसार परिवार में काफी समय से विवाद चल रहा था। उसका पति शराब पीने का आदी है और अक्सर गाली–गलौज व मारपीट करता रहता है। पीड़िता ने बताया कि गुरुवार को उसने सरकारी अस्पताल में नसबंदी का ऑपरेशन कराया था। घर लौटने पर इसी बात को लेकर पति ने विवाद शुरू कर दिया और कथित रूप से उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। महिला का कहना है कि शुक्रवार सुबह उसका भाई हालचाल जानने के लिए घर पहुंचा, लेकिन पति ने उसके साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट की और दोनों को वहां से भगा दिया। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# इंडो नेपाल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बरूईन के लाल ने जीता गोल्ड मेडल

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानियां, गाजीपुर। नेपाल के पोखरा में आयोजित इंडो नेपाल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बरूईन के चाहत यादव ने गोल्ड मेडल




जीत कर अपने देश का नाम रोशन किया है। स्कूल गेम्स एजुकेशन फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नेपाल के पोखरा में विगत 14 से 19 मई तक तृतीय एसजीइएफआई ओपन इंटरनेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें स्टेशन बाजार क्षेत्र के बरूईन गांव निवासी गणेश यादव के 14 वर्षीय होनहार पुत्र ताइक्वांडो खिलाड़ी चाहत यादव का चयन हुआ था। ताइक्वांडो चैंपियनशिप के अंडर 45 किलो भार वर्ग में चाहत ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों से शानदार मुकाबला करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। बता दें कि चाहत यादव कक्षा 8वीं का छात्र है और चंदौली जनपद के पांडेयपुर धानापुर स्थित एक ताइक्वांडो प्रशिक्षण केंद्र में एक साल से प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस दौरान चाहत यादव 4 बार नेशनल खेल चुके हैं, जिनका इंडो नेपाल ओपन चौंपियनशिप 26 के लिए उज्जैन में चयन हुआ था। मात्र 14 वर्ष की आयु में चाहत की इस उपलब्धि से परिजनों सहित क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। गोल्ड मेडल जीतकर घर लौटने पर परिजनों ने फूलमाला पहना कर चाहत का जोरदार स्वागत किया। उक्त मौके पर बधाई देने वाले लोगों में सत्यप्रकाश सिंह उर्फ सिंटू, ध्रुव गुप्ता, कमलेश गुप्ता, सलीम खान, आकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज व महिला छात्रावास का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद में संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा मेडिकल कालेज में निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज एवं छात्रावास, ददरी घाट के पास बनाये जा रहे निर्माणाधीन 200 बेड महिला छात्रावास स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं समयसीमा के अंतर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति, निर्माण सामग्री



की गुणवत्ता, कक्षों की संरचना, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि नर्सिंग कॉलेज भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सु.ढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ 30 जून तक कार्यदायी संस्था को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसमें किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप पूर्ण करा लिया जाय। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन 200 बेड महिला छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में बनने वाले आवासीय कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि छात्राओं को सुरक्षित एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करते हुए छात्राओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाए। साथ ही उन्होंने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, अर्थ एवं संख्याधिकारी चन्द्रशेखर प्रसाद, मेडिकल कालेज के प्राचार्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्था अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। गांव मुबारकपुर तालन में शुक्रवार को अचानक लगी आग से एक परिवार का आशियाना जलकर राख हो गया। आग लगने से घर में रखा घरेलू सामान, अनाज, कपड़े और अन्य जरूरी वस्तुएं जल गईं। हादसे में परिवार को भारी आर्थिक



नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी शाकिब पुत्र जाकिर के मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग नहीं बुझती तो आसपास के मकान भी इसकी चपेट में आ सकते थे। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

# टीकाकरण में सुधार लाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी : सीएमओ

## - डेटा की पारदर्शिता, गुणवत्ता, सुकृढ़ीकरण के लिए जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत डेटा की पारदर्शिता, गुणवत्ता, सु.ढ़ीकरण के लिए शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय सभागार में एसीएमओ डॉ मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सहयोगी संस्था जे0एस0आई0 के सहयोग से एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चिकित्साधिकारियों,सहायक शोध अधिकारियों सहित स्वास्थ्य कर्मियों को टीकाकरण से सम्बन्धित डेटा के लिए प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए एसीएमओ डॉ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि डेटा की गुणवत्ता सटीक रिकॉर्डिंग और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों और डेटा ऑपरेटरों को जिला स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण दिए जाते है। जिसका मुख्य उद्देश्य तकनीकी सुधार शत प्रतिशत कवरेज प्राप्त करना और




डिजिटल पोर्टल्स में निपुणता लाना है। नियमित टीकाकरण में सुधार लाने में सभी का सहयोग जरूरी है । नियमित टीकाकरण बच्चों और गर्भवती महिलाओं को जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए सबसे से सशक्त माध्यम है। शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी सभी डेटा का संकलन कर बेहतर कार्य योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। जे0एस0आई0 से प्रदेश स्तर के प्रशिक्षक दिलीप गोविंद राव, सूर्यकांत त्रिवेदी(डी0सी0)ने टीकाकरण के आ रही कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा किया और डेटा फीडिंग का सही तरीका बताया। उन्होंने कहा कि टीकाकरण से बच्चों और माता को बीमारियों से बचाया जा सकता है। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक और सहायक शोध अधिकारी और ब्लॉक प्रतिरक्षण अधिकारी आपसी सहयोग के माध्यम से देता कि सही एनालिसिस कर टीकाकरण कार्यक्रम को और बेहतर बनाएं। कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.संजय कुमार, अपर शोध अधिकारी जयप्रकाश सिंह यादव, दीपक सिंह, सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि डॉ रवि गुप्ता, सौरभ सिंह, सुदर्शन शुक्ला से उपस्थित रहे।

# आज रक्तदान से इंसानियत फिर मुस्कुराई

## - गर्भवती महिला व जुड़वा बच्चों की बचाई जिन्दगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बिजली खेड़ा निवासी गुड़िया नाम की गरीब गर्भवती महिला जिला अस्पताल में भर्ती थी। गुड़िया के पति दुर्गेश अपनी पत्नी के शरीर में खून की भारी कमी के कारण चिन्तित थे एवं डिलीवरी का समय भी बेहद नजदीक था और डॉक्टरों ने तुरन्त ए पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता बताई थी। परिवार की आँखों में चिन्ता, चेहरे पर बेबसी और दिल में बस एक ही उम्मीद थी कि कहीं से जीवन बचाने वाला रक्त मिल जाए। जरूरतमन्द लोगों ने बलखण्डी नाका निवासी समाजसेवी रत्नेश गुप्ता से फोन में मदद मांगी तो वे भी गर्भवती महिला एवं पेट में पल रहे जुड़वा बच्चों की जान बचाने के लिए जुट गये। समाजसेवी रत्नेश ने शुभम धुरिया से फोन में बात की तो वे सहर्ष रक्तदान करने के लिए तैयार हो गए। ऐसे कठिन समय में शुभम धुरिया ने सिर्फ खून नहीं दिया बल्कि एक माँ की सांसों को सहारा और आने वाले जुड़वा बच्चों को सुरक्षा व पूरे परिवार को नई उम्मीद दी। समाजसेवी रत्नेश गुप्ता ने बताया कि रक्तदान केवल दान नहीं किसी की धड़कनों को बचाने का सबसे बड़ा मानव धर्म है। सभी के प्रयासों से किसी के घर की खुशियां टूटने से बचाई जा सकती हैं। रत्नेश गुप्ता ने सभी से आग्रह किया कि सभी को इस पुण्य



कार्य में आगे आना चाहिए क्योंकि किसी रक्तदाता का एक प्रयास किसी जरूरतमन्द की पूरी दुनिया बचा सकता है। इस रक्तदान के नेक कार्य में गीता गुप्ता, नेतराम वर्मा, ब्लड बैंक की डॉक्टर अर्चना यादव, हरदेव, आशीष कुमार, पंकज जायसवाल, प्रमोद द्विवेदी ने सहयोग प्रदान किया।

# नौतपा से बचाव के लिए छात्राओं ने दिया जागरूकता संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज सबलापुर की बीएएमएस प्रथम वर्ष की छात्रा रिचा सिंह, दिव्यांशी



वर्मा व समृद्धि साहू ने नौतपा और भीषण गर्मी से बचाव को लेकर जागरूकता संदेश दिया। छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से लोगों को गर्मी में सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि 25 मई से 2 जून तक रहने वाले नौतपा के दौरान दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक तेज धूप में निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के सूती कपड़ों का प्रयोग करें। साथ ही तला–भुना भोजन कम खाने, बिना सिर ढके बाहर न निकलने तथा बच्चों को बंद वाहन में अकेला न छोड़ने की अपील की। छात्राओं ने कहा कि हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए। बाक्स रू रिचा सिंह बीएएमएस प्रथम वर्ष की छात्रा रिचा सिंह ने लोगों से नौतपा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है। धूप में निकलते समय सिर ढककर निकलें तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। बाक्स रू दिव्यांशी वर्मा बीएएमएस प्रथम वर्ष की छात्रा दिव्यांशी वर्मा ने कहा कि गर्मी में लापरवाही स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। उन्होंने लोगों को ज्यादा पानी पीने, हल्का भोजन करने और हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी।

### खानपान व दिनचर्या में सावधानी जरूरी

बीएएमएस प्रथम वर्ष की छात्रा समृद्धि साहू ने कहा कि नौतपा के दौरान लू और तेज गर्मी से बचाव के लिए खानपान और दिनचर्या में सावधानी जरूरी है। उन्होंने लोगों से पर्याप्त पानी पीने, ओआरएस व अन्य तरल पदार्थ लेने तथा अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलने की अपील की। साथ ही बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी।

# खालेपुरवा में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

## - 515 मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तेजवापुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दिवाकर पांडेय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी पद्धति के तहत ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण




ग्राम खालेपुरवा, कटहा में स्वर्गीय पं. केशवराम मिश्र फ्री आयुष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन अधिकारी डॉ. सरोज शंकर राम तथा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. यूसुफ अली अंसारी ने भगवान धन्वंतरि के कर उन्हें निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. रंजन वर्मा ने बताया कि शिविर में कैंसर रोगियों की स्क्रीनिंग भी की गई तथा लोगों को जीवनशैली जनित रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया। शिविर में शल्य चिकित्सक डॉ. उपेंद्र रावत, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति सिंह, वरिष्ठ काय चिकित्सक डॉ. विजय गौतम, डॉ. आनंद कुमार निराला, डॉ. सुधीर उपाध्याय, योग प्रशिक्षक विजय कुमार श्रीवास्तव, यूनानी चिकित्सक डॉ. सर्वेश रावत, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. आशीष कुमार सहित विभागीय टीम ने सेवाएं दीं। आयुर्वेद से 310, यूनानी से 135 और होम्योपैथी से 70 मरीजों सहित कुल 515 रोगियों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं आभार ज्ञापन सेवानिवृत्त फार्मासिस्ट राजेश मिश्रा ने किया।

# धर्म परिवर्तन करने वाले युवक की गांव में कराई घर वापसी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। युवक के कश्मीर में धर्म परिवर्तन करने के बाद वापस गांव लौटने पर धार्मिक अनुष्ठान के जरिए उसकी घर वापसी कराई गई। गांव पहुंचने पर लोगों ने युवक का स्वागत किया और मंदिर परिसर में पूजा–अर्चना के साथ शुद्धिकरण




कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार युवक पिछले कुछ वर्षों से कश्मीर में रहकर काम कर रहा था। इसी दौरान उसने वहां धर्म परिवर्तन कर नया नाम अपना लिया था। धर्म परिवर्तन से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परिजनों को मामले की जानकारी हुई। इसके बाद परिवार ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर युवक को वापस लाने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और टीम को कश्मीर भेजा। पुलिस युवक को सकुशल वापस लेकर आई। जांच के दौरान धर्म परिवर्तन कराने में कथित भूमिका सामने आने पर बिजनौर निवासी एक व्यक्ति को गिरतार किया गया है। गांव लौटने पर युवक ने परिजनों के साथ मंदिर पहुंचकर धार्मिक रीति–रिवाजों के तहत पूजा की। कार्यक्रम में कई ग्रामीण और सामाजिक संगठन से जुड़े लोग भी मौजूद रहे। उधर, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है।

# राज्य सूचना आयुक्तका जनपद आगमन आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम का 23 मई को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। आयुक्त नदीम 23 मई को मदनी इण्टर कालेज कैसरगंज पहुंचकर प्रधानाचार्य डॉ. अरशद रईस द्वारा आयोजित शिक्षा जागरूकता मेधावी छात्र सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। तदोपरान्त अपरान्ह 01:30 बजे राजापुर माफी रोड पर स्थित अशरफ कमाल के आवास पर जायेंगे। सूचना आयुक्त अपरान्ह 03:30 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन में राजस्व विभाग से सम्बन्धित जनसूचनाधिकारियों व प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत जिले से सम्बन्धित आयोग में लम्बित द्वितीय अपीलों व शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु समीक्षा बैठक करेंगे। तदोपरान्त जनपद के किसी एक तहसील के जनसूचना प्रकोष्ठ का निरीक्षण करेंगे। इसके उपरान्त किंडर ज्वाय एकेडमी बेरिया खलीलपुर में डॉ. देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि कार्यक्रम के उपरान्त राज्य सूचना आयुक्त लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

# गैस सिलेंडर में रिसाव से घर में लगी आग, लाखों का सामान राख

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। दुर्गा विहार कॉलोनी में गुरुवार को गैस सिलेंडर में रिसाव होने से घर में भीषण आग लग गई। हादसा उस समय हुआ जब रसोई में दूध गर्म किया जा रहा था। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और घर में अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार सिलेंडर से गैस रिसाव होने के कारण आग भड़की। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

# सर्विस रोड पर ट्रक की टक्कर, बाइक सवार दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवन्तनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जिले की सीमा से सटे जौनई और मीठेपुर चौकी क्षेत्र के पास नव निर्मित लाईओवर ब्रिज की सर्विस रोड पर तेज रतार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एनएचएआई एंबुलेंस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल अमित सिंह (30) पुत्र जसराम सिंह निवासी गांव मलिया खेड़ा शाहपुर ब्राह्मण, थाना चित्रहाट, तहसील बाह जनपद आगरा तथा रामबहादुर (50) पुत्र बड़ेलाल बताए गए हैं। दोनों बाइक से किसी कार्य से जसवन्त नगर आ रहे थे। तभी लाईओवर की सर्विस रोड पर पीछे से आए तेज रतार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से ट्रक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# हुसैनाबाद ट्रस्ट की ज़मीनों पर अवैध कब्ज़े बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे- मौलाना कल्बे जवाद नक़वी

## -हुसैनाबाद ट्रस्ट की ज़मीन पर पार्किंग और "लज़ीज़ गली" बनाए जाने के विरोध में उलमा और अंजुमन हाय मातमी के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और डी.एम के फैसले की निंदा की

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। हुसैनाबाद ट्रस्ट की ज़मीनों पर अवैध कब्ज़ों और लगातार हो रहे गैरकानूनी निर्माण कार्यों का सिलसिला जारी है। रूमी गेट के पास बनाई जा रही पार्किंग और "लज़ीज़ गली" को लेकर शिया समुदाय में भारी नाराज़गी पाई जा रही है। विशेष रूप से उलमा, रॉयल फैमिली और अंजुमन हाय मातमी ने ट्रस्ट की संपत्तियों पर हो रहे अवैध कब्ज़ों और गैरकानूनी निर्माण के खिलाफ आवाज़ बुलंद की है। इससे पहले छोटे इमामबाड़े में उलमा और ज़िम्मेदार लोगों की एक बैठक आयोजित हुई थी। इसके बाद आज जुमे की नमाज़ के बाद उलमा और अंजुमन हाय मातमी के सदस्य आसिफ़ी मस्जिद से रूमी गेट होते हुए "लज़ीज़ गली" और पार्किंग के नाम पर हो रहे कथित अवैध कब्ज़ों का निरीक्षण करने पहुंचे। उनके साथ बड़ी संख्या में नमाज़ी भी मौजूद थे, जो हुसैनाबाद ट्रस्ट की ज़मीनों पर हो रहे कब्ज़ों के खिलाफ नारेबाज़ी कर रहे थे। इस मौके पर मौलाना कल्बे जवाद नक़वी और अन्य उलमा ने संयुक्त रूप से कहा कि ट्रस्ट की ज़मीनों पर किसी भी तरह का अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक हुसैनाबाद ट्रस्ट की पांच सदस्यीय समिति






गठित नहीं की जाती, तब तक प्रशासन से कोई बातचीत नहीं होगी। जुमे की नमाज़ के बाद उलमा और अंजुमन हाय मातमी के सदस्य ट्रस्ट में हो रही कथित बदइंतज़ामी, ट्रस्ट की ज़मीनों पर कब्ज़ों और गैरकानूनी निर्माण के विरोध में रूमी गेट पहुंचे। वहां बन रही पार्किंग का निरीक्षण किया गया और जिला प्रशासन की निगरानी में हो रहे इस कार्य की आलोचना की गई। मौलाना कल्बे जवाद नक़वी ने कहा कि ट्रस्ट की ज़मीन पर न तो पार्किंग बनेगी और न ही निर्माण के नाम पर एक ईंट रखी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन की निगरानी में लगातार ट्रस्ट की ज़मीनों पर अवैध कब्जे और निर्माण हुए हैं तथा ट्रस्ट की आमदनी का कोई स्पष्ट हिसाब नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक ट्रस्ट की पांच सदस्यीय समिति नहीं बनती, तब तक जिला प्रशासन से कोई बातचीत नहीं होगी। मौलाना ने आरोप लगाया कि ज़िलाधिकारी ने आर.टी.आई के जवाब में कहा कि यह ट्रस्ट आर.टी.आई के दायरे में नहीं आता क्योंकि यह निजी ट्रस्ट है, ज़िलाधिकारी का यह दावा सरासर झूठा है, क्योंकि यह ट्रस्ट अवध के नवाबों का है और ज़िलाधिकारी उन नवाबों के वंश से नहीं हैं। मौलाना ने कहा कि ट्रस्ट की ज़मीनों के संबंध में अकेले डीएम फैसला लेने के लिए अधिकृत नहीं हैं। उन्होंने किस अधिकार के तहत ट्रस्ट की ज़मीन पर पार्किंग और लज़ीज़ गली बनाने की अनुमति दी है? ।मौलाना ने आगे कहा कि ट्रस्ट की ज़मीनों पर जो निर्माण या सड़कें बनी हुई हैं, उन्हें अवध के बादशाहों और नवाबों के नाम से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी हम यहां विरोध प्रदर्शन के लिए नहीं बल्कि निरीक्षण के लिए आए हैं। यदि ट्रस्ट की ज़मीनों पर निर्माण कार्य नहीं रुका और हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो हम ऐतिहासिक आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ जो भी बातचीत होगी, वह उलमा, रॉयल फैमिली और अंजुमन हाय मातमी के सदस्यों की मौजूदगी में होगी। उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद ट्रस्ट में जिलाधिकारी की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। इस संबंध में जल्द ही उलमा, रॉयल फैमिली और अंजुमन हाय मातमी के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित होगी, जिसमें महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। इस मौके पर मौलाना सैफ अब्बास नक़वी ने कहा कि सोशल मीडिया पर हुसैनाबाद ट्रस्ट के संबंध में जो पत्र वायरल हो रहा है, वह लोगों को गुमराह करने के लिए है, क्योंकि उस पर न तो कोई हस्ताक्षर हैं और न ही वह किसी आधिकारिक लेटरहेड पर है। मौलाना ने कहा कि हम ट्रस्ट की ज़मीनों पर अवैध कब्जे और गैरकानूनी निर्माण को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ जो भी बातचीत होगी, वह उलमा और जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में ही होगी उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की संपत्तियों को बहुत नुकसान पहुंचाया गया है, अब उन्हें वापस लेने का समय आ गया है, जिसके लिए उलेमा और कौम को आगे आना होगा। मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि ट्रस्ट की ज़मीन पर पार्किंग और "लज़ीज़ गली" हमें स्वीकार नहीं है। ट्रस्ट की ज़मीनों पर जो भी काम होगा, वह उलमा, रॉयल फैमिली और जिम्मेदार लोगों की सलाह से होना चाहिए। डीएम अकेले फैसले लेने के लिए अधिकृत नहीं हैं, इसलिए हमारी मांग है कि पांच सदस्यीय समिति का गठन किया जाए। मौलाना कल्बे जवाद नक़वी के साथ मौके पर निरीक्षण के लिए पहुंचने वाले उलमा में मौलाना मोहम्मद मियां आबिदी, मौलाना रज़ा हुसैन रिज़वी, मौलाना अख्तर अब्बास जौन, मौलाना रज़ा हैदर ज़ैदी, डॉ. कल्बे सब्तैन नूरी, मौलाना फरीदुल हसन, मौलाना अली नक़ी, मौलाना हैदर अब्बास रिज़वी, मौलाना सिराज हुसैन, मौलाना शबाहत हुसैन, मौलाना कुरबान अली, मौलाना क़मरुल हसन, मौलाना शफीक आबिदी, मौलाना नासिर हुसैन, मौलाना नज़र अब्बास ज़ैदी और अन्य उलमा के साथ अंजुमन हाय मातमी के सदस्य मौजूद थे। मौलाना कल्बे जवाद नक़वी ने घोषणा की कि आगे की कार्ययोजना उलमा और अंजुमन हाय मातमी से सलाह–मशविरा करने के बाद तय की जाएगी।

# महिला आरक्षण बिल व मोदी के आठ संकल्पों के समर्थन के बाटे पर्चे

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। देश के प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण बिल को मजबूरी दी है, साथ ही देशवासियों से 8 बड़े संकल्प लेने की अपील की है। इसी कड़ी में उ०प्र उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय चौरसिया के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता लामा ने



व्यापारियों के साथ शहर के विभिन्न चौराहो व बाजारों में जाकर मोदी के संकल्पों का समर्थन करते हुए पर्चे बाटकर मोदी के संकल्पों को पूरा करने की अपील की। उ०प्र उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों व व्यापारियों ने बाँदा शहर के कई चौराहो में जाकर पर्चे वितरित किये है जिसमे मोदी के महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया, साथ ही मोदी के देशहित में 8 बड़े संकल्पों का समर्थन किया है। व्यापारियों ने पर्चे वितरित करते हुए लोगों से अपील किया कि मोदी के इन 8 संकल्पों का समर्थन करें जिसके देश की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। प्रदेश उपाध्यक्ष विनय चौरसिया और जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता लामा ने जनपद वासियों से अपील करी की देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने जनहित में आठ बिन्दुओं को आपके समझ रखा है उसका अनुपालन कर देश के प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत करें एवं सहयोग प्रदान करें। पर्चा वितरण के दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता लामा, जिला उपाध्यक्ष शहजाद अहमद, महासचिव संकल्प शुक्ला, नगर अध्यक्ष सचिन चौरसिया, चिंटू महाराज, धीरू भईया, रामनरेश, सरीफ, प्रकाश गुप्ता, शिवम सिंह, लछ्मी गुप्ता, संदीप जैन, अभिनव गुप्ता, रामचरण साहू आदि व्यापारी नेतागण मौजूद रहे।

# एक जून से शुरू होंगी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं

## – 26 मई से मिलेंगे प्रवेश पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद के एकमात्र स्वायत्तशासी महाविद्यालय राजा देवी डिग्री कॉलेज ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। महाविद्यालय




प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार परीक्षाएं एक जून से प्रारंभ होंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि कॉलेज में संचालित बीए, बीएससी, बीकॉम, बी ए स सी (गृहविज्ञान), बीबीए (हेल्थ केयर) के साथ–साथ एमए, एमएससी एवं एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं निर्धारित समय–सारणी के अनुसार आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र 26 मई से कॉलेज परिसर से वितरित किए जाएंगे। सभी विद्यार्थियों को समय रहते अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। प्राचार्य ने जानकारी दी कि इस बार सभी परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न प्रणाली (एमसीक्यू) के आधार पर होंगी और उत्तर ओएमआर शीट पर दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा संबंधी सभी आवश्यक निर्देशों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की है। महाविद्यालय द्वारा परीक्षा कार्यक्रम घोषित किए जाने के बाद विद्यार्थियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

# जिला अधिवक्ता संघ ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन, खनन पर प्रतिबंध की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पिछले एक सप्ताह से लगातार जिले में पड़ रही रिकार्ड तोड़ गर्मी और हीटवेव के लिए बालू–गिट्टी के अंधाधुंध खनन को ही जिम्मेदार माना जा रहा है। आलम यह है कि बांदा का तापमान देश–दुनिया में टॉप रैंकिंग पर कायम है। भीषण गर्मी व हीटवेव के बीच नदियों और पहाड़ों में चल रहे अंधाधुंध खनन को लेकर एक विमर्श शुरू हो गया है। लोगों का मानना है कि दुनिया में सर्वाधिक तापमान के लिए जिले में हो रहा उत्खनन ही जिम्मेदार है। इसी बीच अब बालू–गिट्टी के खनन पर रोक लगाने की मांग भी जोर पकड़ने लगी है। शुक्रवार को जिला अधिवकता संघ के अध्यक्ष विमल कुमार सिंह की अगुवाई में वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त अजीत कुमार से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर जिले में चल रहे अंधाधुंध खनन पर रोक लगाने की मांग बुलंद की है। कहा है कि पूरे जनपद में व्यापक पैमाने पर चल रहा जीवनदायिनी नदियों और पहाड़ों का दोहन यहां की भौगोलिक परिस्थितयों को बदलने और जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार है। बताया है कि नदियों में जहां भारी भरकम मशीनें व लिटर लगाकर बालू का दोहन किया जा रहा है, वहीं पहाड़ों पर विस्फोटक के जरिए व्यापक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। अधिवक्ताओं का कहना है कि पहाड़ों और नदियों का संरक्षण किया जाना बहुत जरूरी है। जिससे जिले का तापमान जीवन के लिए खतरा न बन सके। साथ ही अधिवक्ताओं ने जिले में जंगल को बढ़ाने के लिए भारी पैमाने पर पौधरोपण करने और पौधों का संरक्षण करने की मांग भी उठाई है। कहा है कि यदि जल्द ही नदियों, पहाड़ों और जंगलों का दोहन नहीं रोका गया तो वह समय दूर नहीं जब बांदा जनपद का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। अधिवक्ता संघ ने आयुक्त से खनिज व जंगलों के दोहन पर रोक लगाने और जनपद के अस्तित्व के साथ ही मानव सभ्यता को बचाने की पहल करने की मांग की है। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक दीक्षित, शिवपूजन सिंह पटेल,



विनोद सिंह समेत तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

### अधिवक्ता संघ छेड़ेगा हस्ताक्षर अभियान

जिला अधिवक्ता संघ ने नदियों, पहाड़ों और जंगलों को बचाने की मुहिम छेड़ने का ऐलान किया है। कहा है कि बालू–गिट्टी के खनन पर रोक लगाने के साथ ही वनक्षेत्र को बढ़ाना भी बहुत जरूरी है। संघ अध्यक्ष विमल सिंह का कहना है कि अधिवक्ता संघ जल्द ही नदियां बचाओ, पहाड़ बचाओ, जंगल बढ़ाओ अभियान छेड़ेगा और हस्ताक्षर अभियान चलाकर मुहिम को जनांदोलन का रूप देने का प्रयास किया जाएगा। कहा कि अभियान में जनमानस की भागीदारी बढ़ाने के प्रयास तेज किए जाएंगे।

# भीषण गर्मी व लू के कारण 30 मई तक स्कूल बंद, डीएम ने जारी किया आदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

कैमूर, भभुआ। जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। कैमूर के जिलाधिकारी सह जिला दंडाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा–163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा कक्षा 1 से 12वीं तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों को 30 मई तक स्थगित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि कैमूर जिले में इन दिनों अत्यधिक तापमान और दोपहर के समय पड़ रही तेज लू से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर इसका प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना को देखते हुए एहतियातन यह फैसला लिया गया है। डीएम द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियां 30 मई तक बंद रहेंगी। हालांकि विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को विद्यालय और कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने नियमित कार्यों का निष्पादन करना होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश 22 मई 2026 से प्रभावी होगा और 30 मई 2026 तक लागू रहेगा। आदेश का सख्ती से पालन कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन तथा अन्य संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क को भी आदेश का व्यापक प्रचार–प्रसार करने को कहा गया है ताकि अभिभावकों और आम लोगों तक इसकी जानकारी पहुंच सके।

# 51 अवैध शराब के क्वार्टर के साथ युवक गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरतार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 51 अवैध शराब के




क्वार्टर बरामद किए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी ने बताया कि थाना पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान ग्राम जसोहन मोड़ के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से 51 अदद नाजायज शराब के क्वार्टर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इन्द्रपाल पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम जसोहन बताया। उसकी उम्र करीब 25 वर्ष है।उपनिरीक्षक शुभम वर्मा ने आरोपी के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ईद-उल-अजहा के अवसर पर कुर्बानी से संबंधित एडवाइजरी जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मजलिस बराये उमूरे शरई गत वर्षों से विभिन्न अवसरों पर इबादात (नमाज, रोजा, जकात, हज, कुर्बानी) से संबंधित तमाम मुस्लिम समाज की आसानी के लिए एडवाइजरी जारी करता रहा है। चूंकि आगामी 28, 29 व 30 मई (9, 10 व 11 जिलहिज्जा) को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परम्परागत रूप से ईद–उल–अजहा (बकरईद) मनायी जायेगी। इस मौके की सबसे अहम इबादत कुर्बानी है। मुसलमानों के लिए कुरआन व हदीस की रोशनी में मजलिस बराये उमूरे शरई के अध्यक्ष मौलाना तारिक शम्सी ने एडवाइजरी जारी की। जिसमें कहा गया कि कुर्बानी हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की सुन्नत और अल्लाह का हुकुम है यह कोई गोश्त खाने या खिलाने की रस्म (परम्परा) नहीं है बल्कि इस अहम हुक्म पर हजरत मुहम्मद साहब ने खुद भी अमल किया है और अपनी उम्मत को भी इस पर अमल करने का हुक्म दिया है। कुर्बानी के दिनों में अल्लाह को कुर्बानी से बढ़कर कोई और अमल



पसन्द नहीं, इसलिए मुस्लिम समाज को ईद–उल–अजहा (बकरईद) के अवसर पर जहाँ तक मुमकिन हो कुर्बानी करने की कोशिश करनी चाहिए। गरीब और कमजोर लोगों की भी कुर्बानी के गोश्त से मदद करें और अपनी खुशी में उन्हें शरीक करें। ईद–उल–अजहा (बकरईद) के मौके पर जिन जानवरों की परम्परागत रूप से की जाती है सिर्फ उन्हीं जानवरों की कुर्बानी की जायेगी। कुर्बानी के जानवर की फोटो और वीडियो हरगिज किसी भी दशा में सोशल मीडिया पर न डालें। कुर्बानी का बदला सदका खैरात और गरीबों की मदद या कोई दूसरा नेक काम नहीं हो सकता, जो लोग शरीयत के कानून के मुताबिक साहिबे हैसियत हैं उन्हें कुर्बानी जरूर करना चाहिये। कुर्बानी का बदला कोई दूसरी इबादत नहीं है। जिन लोगों पर कुर्बानी वाजिब हो वो ख्वाहिश और कोशिश के बावुजूद अपनी जगह पर कुर्बानी न कर सकें तो वो दूसरी जगह पर अपनी कुर्बानी अदा करायें और उसकी कोशिश भी करें। अगर यह भी मुमकिन नहीं तो कुर्बानी के दिन गुजरने के बाद कुर्बानी की रकम के बराबर रकम गरीबों में सदका कर दें। मुस्लिम समाज कोई ऐसा काम न करे जिससे पूरे मुस्लिम समाज को शर्मिंदगी उठानी पड़े। कुर्बानी सड़कों पर और खुले में न करें, प्रतिबंधित जगहों में न करें, प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न करें जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचे और शान्ति भंग हो, जिससे आपसी सौहार्द बिगड़े। अपने गली और मुहल्लों में सफाई सुथराई का खास ख्याल रखें। कुर्बानी का कचरा नगर पालिका की मदद से साफ करा दें। नमाज ईद–उल–अजहा वाजिब है जिसमें एक रास्ते से जाना और दूसरे रास्ते से आना सुन्नत है। सभी फर्ज नमाजों के बाद चाँद की 9 तारीख से 13 तारीख तक तकबीर तशरीक पढ़ना वाजिब है, सभी लोग इसका एहतिमाम करें। मर्द और औरतें दोनों को पढ़ना जरूरी है। ईद–उल–अजहा (बकरईद) के दिन डीजे बजाना, गाने बजाना, रास्ता रोकना और किसी पड़ोसी को तकलीफ देना वगैरा सख्त गुनाह के काम हैं, इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता।

# जिला तकनीकी इकाई का हुआ गठन

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कुशल संचालन एवं अनुरक्षण में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण एवं इस हेतु तकनीकी मानव संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण) की अध्यक्षता में जिला तकनीकी इकाई डीटीयू का गठन किया गया है। जनपद में गठित जिला तकनीकी इकाई में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नामित प्रतिनिधि, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि./या.), उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा, अधि.अभि. सिचाई खण्ड, जिला पचायतराज अधिकारी, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, सहायक विकास अधिकारी, पंचायतीराज (तकनीकी), अधि.अभि., खण्ड कार्यालय, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण) द्वारा नामित जनपद स्तरीय लैब के कैमिस्ट, भूगर्भ जल विभाग गोण्डा के प्रतिनिधि तथा जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य जिला सूचना अधिकारी समिति के सदस्य होंगे।

# रुपईडीहा पुलिस व औषधि प्रशासन विभाग की बड़ी कार्यवाही

## – हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गिरफ्तार, 15 कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में औषधि निरीक्षक विनय .ष्ण व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम को सफलता मिली। शुक्रवार को औषधि प्रशासन




विभाग एवं थाना रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोरों एवं प्रतिबंधित, नियंत्रित औषधियों की बिक्री की रोकथाम हेतु थाना क्षेत्र रुपईडीहा में सघन चेकिंग एवं निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के दौरान केवलपुर मोड़ रुपईडीहा निकट राना पेट्रोल पम्प रुपईडीहा के निकट ओम प्रकाश सोनी पुत्र रामकुमार सोनी निवासी साकेतनगर से बिना वैधा लाइसेंस के कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना रुपईडीहा पर मु0अ0सं0 113/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व धारा 27(बी)(2),28 एवं 28ए, 278 औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 के अंतर्गत अभियोग पंजी.त किया गया। अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

# एएन जन सेवा केंद्र का सभासद ने किया शुभारंभ

### - लोगों को एक ही छत के नीचे मिलेंगी अश्नलाइन सेवाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। शहर के आबूनगर स्थित पंचमुखी मंदिर के पास को एएन जनसेवा केंद्र का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के सभासद शादाब अहमद ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान क्षेत्रीय लोगों की मौजूदगी में केंद्र संचालक अयाज खान ने लोगों



को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। संचालक अयाज खान ने बताया कि जन सेवा केंद्र पर फोटो, फोटोकॉपी, ऑनलाइन सरकारी सेवाएं, आधार कार्ड, पैन कार्ड, विभिन्न दस्तावेजों का निर्माण एवं संशोधन सहित कई जरूरी कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय लोगों को अब छोटे–छोटे कार्यों के लिए इधर–उधर भटकना नहीं पड़ेगा और एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह के दौरान मोहम्मद हबीब, .ष्ण पाल, मोहम्मद शमशाद, जितेंद्र कुमार तिवारी, मोहम्मद हफीज, मोहम्मद सलीम, फरहान शेख समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने नए जन सेवा केंद्र के शुभारंभ पर खुशी जताई और इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी पहल बताया।

# विकास के नाम पर पेड़ों की कटाई चिंता का विषय

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। जिले में विकास कार्यों के नाम पर लगातार पेड़–पौधों की कटाई की जा रही है, जो पर्यावरण और प्र.ति के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। समाजसेवी आकाश प्रताप सिंह ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से प्र.ति का संतुलन बिगड़ रहा है। इसका सीधा असर मौसम पर दिखाई दे रहा है। गर्मी का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है तथा नदी–तालाब भी सूखते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पेड़ केवल छाया और ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जीवन और पर्यावरण के संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। आकाश प्रताप सिंह ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी सुरक्षा करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। उन्होंने लोगों से संकल्प लेने का आग्रह करते हुए कहा कि पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ।

# युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम छिटनापुर में शुक्रवार की सुबह 27 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार छिटनापुर गांव निवासी शिवनाथ की पुत्री नीलम ने शुक्रवार की सुबह आत्महत्या करने के इरादे से जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है।


## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डर नं0 पीआरवाईजे-सिग-013-2026-27**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरि0 मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/सम0 उत्तर मध्य रेल प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

**कार्य का विवरण :** मनौरी-मानिकपुर (छिवकी सहित खण्ड में) मानक ट्रैक सेंटर क्लियरेंस का पालन सुनिश्चित करने हेतु लिफ्टिंग बैरियर्स के स्थानांतरण के संबंध में सिग्नलिंग कार्य।

| | |
|---|---|
| **निविदा नं. :** 013 | **अनुमानित मूल्य :** 8359798.00 |
| **धरोहर राशि :** 167200/- | **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** 0.00 |
| **कार्य समापन की अवधि :** बारह माह | **निविदा खुलने की तिथि :** 18.06.2026 |

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता :** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**धरोहर की राशि जमा करना एवं उसका रूप :** निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्यूरिटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदा दाता बिड सिक्यूरिटी उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जीसीसी के अनुसार जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार किया जायेगा। यदि निविदादाता द्वारा जमा की गयी बिड सिक्यूरिटी बैंक गारंटी के रूप में है तो यह उचित स्टांप शुल्क के अनुसार होना चाहिए। बैंक गारंटी जमा करते समय यह 30प्र0 स्टांप अधिनियम 2008 की धारा 13 एवं 24 और समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होना चाहिये। बिना बिड सिक्यूरिटी वाली निविदायें खारिज कर दी जायेंगी।

**निविदा खुलने का समय, तथा स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **12:30** बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी।

**निविदा की वैधता :** निविदा खुलने के 60 दिन तक।

**निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार :** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **1151/26 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



**न्यूज़ वाणी**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488


# जनता का विश्वास जीतना सबसे बड़ी जिम्मेदारी : अभिमन्यु

### - चांदपुर थाने में एसपी ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक अचानक चांदपुर थाने पहुंचे। जहां उन्होंने जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। एसपी के थाने पहुंचते ही पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई और फरियादी भी अपनी शिकायतें लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान जमीन विवाद, मारपीट, पारिवारिक कलह और अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें सामने आईं,



जिन पर एसपी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि फरियादियों को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि थाने आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए और शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि जनता का विश्वास जीतना ही पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जनसुनवाई के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों की भी समीक्षा की गई। एसपी ने कानून व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त बनाए रखने और अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

# यूपी-112 को मिली स्कॉर्पियो की रतार, अपराधियों की खैर नहीं

### – पुलिस को मिले पांच नए हाईटेक वाहन, एसपी ने दिखाई हरी झंडी

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत



बनाने की दिशा में पुलिस विभाग को बड़ी सौगात मिली है। यूपी–112 आपातकालीन सेवा के लिए जनपद को पांच नए चार पहिया स्कॉर्पियो वाहन उपलब्ध कराए गए, जिन्हें पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी ने कहा कि इन आधुनिक वाहनों के संचालन से आपातकालीन घटनाओं में पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम और तेज होगा, जिससे आमजन को त्वरित एवं प्रभावी सहायता मिल सकेगी। नए स्कॉर्पियो वाहनों को थाना गाजीपुर, कल्याणपुर, हथगांव, सुल्तानपुर घोष और खखरेरू क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। इन इलाकों में अब यूपी–112 की टीम पहले से अधिक तेजी के साथ घटनास्थल तक पहुंचेगी, जिससे अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन श्रीमती प्रगति यादव, प्रभारी यूपी–112 राम केवल पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस कर्मियों को वाहनों के बेहतर रखरखाव और प्रभावी उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। पुलिस की इस नई पहल से आमजन में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# परशुराम सेवा समिति ने व्यक्त किया शोक

न्यूज वाणी ब्यूरो
इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. के संरक्षक सुबोध दीक्षित एड. की माताजी के निधन पर समिति के पदाधिकारियों ने उनके भरथना स्थित आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। इसके साथ ही समिति के संरक्षक .ष्ण मोहन अग्निहोत्री के पुत्र के आकस्मिक निधन पर फ्रैंड्स कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष



डॉ. सुशील सम्राट, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपालजी मिश्रा, इकदिल नगर अध्यक्ष गोपाल मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी संतोष चौधरी, सुनील मिश्रा आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# जनगणना कार्यो का डीएम ने किया निरीक्षण

### - ऑनलाइन गणना प्रक्रिया परखी

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जनगणना–2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शुक्रवार को शहर के आबूनगर वार्ड संख्या–14 पहुंचकर गणना कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घर–घर जाकर किए जा रहे ऑनलाइन गणना कार्य की प्रक्रिया को देखा तथा प्रगणकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना–2027 देश का अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसकी सटीकता, पारदर्शिता और पूर्णता सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक परिवार और मकान का सही विवरण दर्ज किया जाए तथा कोई भी परिवार गणना से वंचित न रहने पाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रगणक द्वारा मोबाइल आधारित ऑनलाइन पोर्टल पर किए जा रहे डाटा फीडिंग कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने गणना कार्य में तेजी और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार समयबद्ध तरीके से



कार्य पूरा किया जाए। डीएम ने कहा कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की योजनाओं, विकास कार्यों और सरकारी नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उप जिलाधिकारी सदर, ईओ सदर समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी केन्द्र को दी कुर्सी मेज, बच्चों के चेहरे खिले

### - जिला पंचायत सदस्य ने भेंट किए खिलौने व पुस्तकें

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। हुसैनगंज कस्बे के आंगनबाड़ी केन्द्र में पढ़ने वाले



बच्चों को जिला पंचायत विभाग की तरफ से निःशुल्क कुर्सी मेज, खिलौने व पुस्तकें उपहार के रूप में दिया। यह उपहार पाकर आंगनबाड़ी सहायिका नीलम देवी व बच्चों ने ताली बजाकर जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी व हुसैनगंज के जिला पंचायत सदस्य राम किशोर को धन्यवाद दिया। जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने बताया कि जिला पंचायत की तरफ से क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों को बैठने की व्यवस्था थी। श्री लोहारी ने बताया कि जिला पंचायत की तरफ से क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी में कुर्सी, मेज, पुस्तकों की व्यवस्था की जाएगी। जहां बच्चे जमीन या चटाई में बैठते हैं। इसकी शुरूआत हुसैनगंज द्वितीय आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को गुरूवार को कुर्सी मेज, हाथी घोड़ा सवारी, खिलौने आदि देकर की गई है। श्री लोहारी ने बताया कि उनके क्षेत्र के रामपुर आंगनबाड़ी केन्द्र, सीर इब्राहिमपुर, जमरावां व लोहारी आंगनबाड़ी के बच्चों को सभी सामान निःशुल्क अतिशीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में प्राइमरी विद्यालय सड़क सुरक्षा का लगातार विकास हो रहा है। प्रदेश के प्रत्येक बच्चे के जन्म के पहले गर्भ में ही पुष्टाहार देकर व जन्म के बाद विद्यालय जाने के पहले मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास आंगनबाड़ी सहायिका द्वारा लगातार हो रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी सहायिका नीलम देवी के कार्यों की सराहना की। सभी सामान निःशुल्क हुसैनगंज आंगनबाड़ी को दिया। इस मौके पर आंगनबाड़ी सहायिका नीलम, छेऊका हुसैनगंज क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य राम किशोर, पुष्पेन्द्र, नीरज अग्निहोत्री, बलराम मिश्रा, आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# तैयारी बैठक में संगठनात्मक विषयों पर हुई चर्चा

### – आगामी चौबीस मई को होगी शक्ति केन्द्र की बैठकें

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। आगामी चौबीस मई को होने वाली शक्ति केंद्र बैठकों की तैयारी बैठक शुक्रवार को खागा विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में आयोजित हुई, धाता मंडल के सभी पंद्रह शक्ति केन्द्र संयोजकों की उपस्थिति में जिला महामंत्री पंकज त्रिवेदी द्वारा संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सुशीला मौर्या, विकास पासवान, विमलेश पांन्डेय, प्रदीप सिंह व जितेंद्र सिंह सहित कार्यकर्ता



उपस्थित रहे। खखरेरू मंडल में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक में जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि संगठन के दिशा–निर्देशन पर प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को मनकी बात कार्यक्रम के उपरांत बूथ की बैठक करनी है, वहीं अन्तिम से पूर्व सप्ताह के रविवार को सभी शक्ति केंद्रों पर बैठक आयोजित कर बूथों की बैठकों की तैयारी पर चर्चा करते हुए अभियानों व कार्यक्रमों की चिंता करनी है। यहां शुभम् सिंह, सुनील कुमार, इन्द्रपाल पासवान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विजयीपुर मंडल में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक में प्रीति सिंह, विक्रम निषाद, भोला तिवारी, प्रेमदत्त तिवारी, रामप्रताप सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। खागा मंडल की बैठक में विकास पासवान, पंकज त्रिवेदी, विमलेश पांन्डेय, बृजेश सिंह सहित शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे।

# महाजरी वार्ड में शुरू हुई जनगणना की तैयारी

### - कर्मचारियों ने किया भवन व नजरी नक्शा सर्वे

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 28 महाजरी में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। वार्ड में भवन गणना एवं नजरी नक्शा तैयार करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा घर–घर जाकर भवनों का विवरण, परिवारों की संख्या तथा अन्य जरूरी जानकारियां एकत्र



की गईं। जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए मकानों की स्थिति, गलियों और मोहल्लों का नजरी नक्शा तैयार किया। अधिकारियों के निर्देश पर सर्वे कार्य को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से पूरा किया जा रहा है, ताकि आगामी जनगणना में सही आंकड़े दर्ज हो सकें। इस अभियान में कर्मचारी मोहम्मद हबीब, सलीम अनवर, सैफुल इस्लाम, राजीव पांडेय, तौसीफ अहमद एवं अनुराग सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए सही जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। नगर पालिका परिषद में जनगणना एवं भवन गणना कार्य को लेकर प्रशासन लगातार सक्रिय है और विभिन्न वार्डों में टीमें भेजकर सर्वे कराया जा रहा है।

# अलग-अलग मामलों में जुर्माना व कारावास से कराया दंडित

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में त्वरित एवं निष्पक्ष विवेचना, प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी के फलस्वरुप दो अलग–अलग मामलों मे कुल आठ हजार रुपये जुर्मानें व कारावास से दण्डित कराया गया। थाना बिसण्ड़ा पर पंजी.त अभियोग मु0अ0सं0 एनसीआर 63/15 धारा 323, 504, 506 भादवि के चार अभियुक्तों जगरुप पुत्र बिन्दवा, कमल, कमलेश, महेश पुत्रगण जगरुप निवासीगण पेस्टा थाना बिसण्ड़ा को कुल 06 हजार रुपये के जुर्मानें से दण्डित कराया गया। थाना कोतवाली नगर में पंजी.त अभियोग मु0अ0सं0 202/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अभियुक्त रामकिशोर निवासी जरैली कोठी थाना कोतवाली नगर को 02 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया।




# पिछड़ा वर्ग के युवाओं को मिलेगा मुत कंप्यूटर प्रशिक्षण

**– संस्थाओं से तीन जून तक आवेदन आमंत्रित**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक–युवतियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार केवल भारत सरकार की अधि.त संस्था छप्म्स्प्ज से मान्यता प्राप्त संस्थाएं ही प्रशिक्षण संचालन के लिए आवेदन कर सकेंगी।

उन्होंने बताया कि इच्छुक संस्थाएं विभागीय वेबसाइट पर 20 मई से 3 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। साथ ही आवेदन की हार्ड कॉपी समस्त अभिलेखों एवं उपलब्ध संसाधनों के विवरण सहित निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण उ.प्र., इंदिरा भवन, अशोक मार्ग लखनऊ तथा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय विकास भवन में तीन जून की शाम पांच बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट अथवा विकास भवन स्थित कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

# महिला से दुष्कर्म करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशों और अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना असोथर पुलिस ने एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरतार कर लिया है। यह कार्रवाई तब अमल में लाई गई जब पुलिस




टीम अपराध की रोकथाम और वांछित अपराधियों की तलाश में क्षेत्र में सक्रिय थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना असोथर क्षेत्र में एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया था, जिसके बाद से पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए सक्रिय हो गई थी। पीड़िता की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरतारी के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में, थाना असोथर पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वांछित अभियुक्त क्षेत्र के ही एक संदिग्ध स्थान पर छिपा हुआ है और वहां से भागने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने जाल बिछाया और दबिश देकर अभियुक्त को गिरतार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त से पुलिस पूछताछ कर रही है ताकि घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का भी पता लगाया जा सके। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने की तैयारी कर ली है। इस गिरतारी से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की कार्यशैली की सराहना की है। थाना पुलिस का कहना है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में पुलिस पूरी तरह सतर्क है और दोषियों के खिलाफ कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# हर घर नल योजना बनी मजाक, दो साल से अधूरी पड़ी पानी टंकी

**– पाइप लाइन बिछी लेकिन नहीं पहुंचा पानी, ग्रामीणों में आक्रोश**

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का सपना परिसिद्धपुर गांव में अधूरा नजर आ रहा है। गांव में पिछले दो वर्षों से हर घर नल योजना का निर्माण कार्य बंद पड़ा है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों के मुताबिक योजना के अंतर्गत गांव में ओवरहेड पानी टंकी और बोरिंग का निर्माण कराया जाना था। शुरुआती दौर में ठेकेदार ने टंकी का फाउंडेशन तैयार कराया और पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी शुरू किया, लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य अचानक बंद हो गया। तब से निर्माण स्थल वीरान पड़ा है और अधूरी टंकी का ढांचा धीरे–धीरे कबाड़ में तब्दील होता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पाइप लाइनें तो बिछा दी गईं, लेकिन आज तक उनमें पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंची। लंबे समय से बिना उपयोग के पड़ी पाइप लाइनें जगह–जगह क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण एजेंसी और ठेकेदार की लापरवाही के चलते करोड़ों रुपये की योजना दम तोड़ रही है। गांव के रामभद्र, डब्लू और रामभवन समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट और गहरा गया है। लोगों को दूर–दराज हैंडपंपों और अन्य स्रोतों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की हर घर जल योजना गांव में सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने तथा लापरवाह ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि ठेकेदार को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बागवानी विकास को नई दिशा देगा फतेहपुर

**- टिश्यू कल्चर केला से ड्रैगन फ्रूट तक क्लस्टर विकसित करने पर जोर**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025–26 में संचालित औद्यानिक योजनाओं की समीक्षा एवं एकी.त बागवानी विकास मिशन योजना 2026–27 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना के अनुमोदन हेतु जिला मिशन समिति (डीएमसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश पाठक ने जनपद में औद्यानिक फसलों की स्थिति, महत्वपूर्ण क्षेत्रों एवं योजनाओं की प्रगति का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने एकी.त बागवानी मिशन, पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरिगेशन, एससीपी राज्य सेक्टर तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत गत वर्ष की उपलब्धियों एवं वर्ष 2026–27 के प्रस्तावित लक्ष्यों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने जनपद में टिश्यू कल्चर केला, मशरूम, ड्रैगन फ्रूट और स्ट्रॉबेरी जैसी आधुनिक फसलों के



क्लस्टर विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत केला, आलू, प्याज और मिर्च के प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित कराने की दिशा में तेजी लाने को कहा। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों को भी बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से एकी.त बागवानी विकास मिशन योजना 2026–27 की वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदित कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, क्षेत्रीय वन अधिकारी, उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला .षि अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, मत्स्य निरीक्षक, सामाजिक वानिकी विभाग के अधिकारी, प्रगतिशील .षक एवं किसान उत्पादक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# असनी पुल निर्माण में देरी पर फूटा लोगों का गुस्सा

**- प्रतिदिन लग रहा जाम, दुर्घटना की आशंका बढ़ी**

**- युवा विकास समिति ने एनएचएआई प्रबंधक से जल्द कार्य पूरा कराने की मांग**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लंबे समय से निर्माणाधीन असनी पुल का कार्य धीमी गति से चलने पर अब लोगों का आक्रोश बढ़ने लगा है। क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं को लेकर युवा विकास समिति ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रबंधक से मुलाकात कर पुल निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग उठाई। समिति ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि असनी पुल क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है, लेकिन निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुल पर प्रतिदिन लंबा जाम लग रहा है, जिससे यात्रियों का समय बर्बाद हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण की धीमी रतार का असर व्यापारिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की आवाजाही और आपातकालीन सेवाओं पर भी पड़ रहा है। लोगों को कई किलोमीटर तक जाम में फंसना पड़ता है, जिससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। युवा विकास



समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि संगठन ने हाईवे प्रबंधक से वार्ता कर निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों की ओर से जल्द कार्य पूर्ण कराने का आष्वासन दिया गया है। ज्ञानेंद्र मिश्रा ने साफ कहा कि यदि तय समय में पुल निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो समिति जनहित में आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# मासूम की सांसें बचाने को खाकी बनी फरिश्ता, इंस्पेक्टर ने किया रक्तदान

**- सिलेंडर हादसे के बाद पुलिस की संवेदनशीलता ने जीता दिल**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थाना कल्यानपुर क्षेत्र के ग्राम पिलखिनी में बीते सत्रह मई को सिलेंडर लीकेज से लगी भीषण आग की घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। हादसे में नौ लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। घटना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने जिस तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया, वह अब लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी शुरू कराई। सभी घायलों को तत्काल अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियाव सिंह चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार शुरू हुआ। घायलों की गंभीर हालत को



देखते हुए प्रशासन ने बिना देर किए ग्रीन कॉरिडोर तैयार कराया, जिससे सभी को तेजी से केजीएमयू लखनऊ रेफर किया जा सका। इस त्वरित कार्रवाई से कई घायलों को समय रहते बेहतर उपचार मिल सका। इलाज के दौरान हादसे में झुलसी संगीता की मौत हो गई, लेकिन इसी बीच उनके चार माह के मासूम बेटे बलवंत के इलाज के लिए तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ गई। ऐसे संवेदनशील समय में फतेहपुर पुलिस ने केवल अपनी ड्यूटी ही नहीं निभाई, बल्कि इंसानियत की मिसाल भी पेश की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ड्यूटी पर तैनात निरीक्षक सुनील कुमार ने चिकित्सकों और परिजनों से समन्वय बनाते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। समय पर रक्त उपलब्ध होने से मासूम के उपचार में बड़ी मदद मिली। इंस्पेक्टर के इस मानवीय कदम की चिकित्सकों, परिजनों और आम लोगों ने खुलकर सराहना की। पुलिस की इस कार्यशैली ने यह साबित कर दिया कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत के समय समाज के साथ खड़ी रहने का भी काम कर रही है। सेवा, सुरक्षा और सहयोग का संदेश इस घटना में पूरी तरह जीवंत दिखाई दिया।

# जन-संवाद से समाधान बना फरियादियों की उम्मीद

**– डीएम की नई प्रशासनिक व्यवस्था ने पैदा की हलचल**

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अभिनव पहल जन–संवाद से समाधान ने प्रशासनिक व्यवस्था में नई हलचल पैदा कर दी है। अब फरियादियों को दतर–दतर भटकने के बजाए सीधे जिलाधिकारी के सामने अपनी समस्या रखने का मौका मिल रहा है, जबकि अफसरों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तत्काल जवाब देना पड़ रहा है। कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन के दौरान डीएम अपने सामने लैपटॉप रखकर तहसील, ब्लॉक और जनपद स्तरीय अधिकारियों को वीसी से जोड़ रही हैं। शिकायतकर्ता की मौजूदगी में ही संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए जा रहे हैं और मौके पर निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कराई जा रही है। इस व्यवस्था से वर्षों से शिकायत लेकर भटक रहे लोगों में उम्मीद जगी है। डीएम की इस सख्त और पारदर्शी कार्यशैली से लापरवाह अधिकारियों में भी खलबली मची हुई है। जन–संवाद से समाधान अभियान के तहत अब शिकायतों को सिर्फ कागजों में नहीं दबाया जा रहा, बल्कि तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने साफ कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ काम करें। फरियादियों को अनावश्यक परेशान करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सबसे खास बात यह रही कि 22 अप्रैल को कार्यभार संभालने के



बाद से अब तक कार्यालय दिवसों में कुल 1406 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1244 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। इनमें राजस्व विभाग की शिकायतें सबसे ज्यादा रहीं, जिनमें अवैध कब्जा, पैमाइश, अतिक्रमण और चकरोड विवाद प्रमुख रहे। डीएम ने कहा कि जन–संवाद से समाधान केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच भरोसे का पुल है। इस अभियान से न केवल समस्याओं के समाधान की रतार बढ़ेगी, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही भी मजबूत होगी। डीएम की यह पहल अब आम जनता के बीच चर्चा का विषय बन चुकी है और लोग इसे प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव मान रहे हैं।

# भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय गठन की उठी मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राहुल सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को पत्र भेजकर राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांग प्रकोष्ठ के गठन की मांग की है।

पत्र में राहुल सिंह ने कहा कि वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश में भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के गठन के बाद दिव्यांग जनों में राजनीतिक भागीदारी को लेकर उत्साह बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि 90 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजन भाजपा से जुड़े हुए हैं और वर्ष 2021 से अब तक हुए विभिन्न चुनावों में भाजपा को भरपूर समर्थन मिला है। उन्होंने बताया कि देश के 36 राज्यों में से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, दिल्ली, गोवा और त्रिपुरा सहित 7 राज्यों में दिव्यांग प्रकोष्ठ का गठन हो चुका है, जबकि अन्य राज्यों में गठन की प्रक्रिया जारी है। राहुल सिंह ने पत्र में उल्लेख किया कि चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 90 लाख दिव्यांग मतदाता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव 2029 को देखते हुए दिव्यांग जनों को मजबूत राजनीतिक मंच देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांग प्रकोष्ठ का गठन आवश्यक है। उन्होंने भाजपा नेतृत्व से जल्द राष्ट्रीय दिव्यांग प्रकोष्ठ गठित कर दिव्यांग समाज को राजनीतिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने की मांग की है।

# दीवार गिरने से पिता की मौत, पुत्र घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। घर के अंदर सो रहे पिता–पुत्र के ऊपर शौचालय व बरामदे की दीवार गिर जाने से घायल हो गए। उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने पिता को मृत घोषित कर दिया। घटना खखरेरू थाना क्षेत्र के दौलतपुर मजरे कोट की है। जानकारी के अनुसार दौलतपुर मजरे कोट गांव निवासी छोटा का पुत्र राजकुमार 34 वर्ष अपने 13 वर्षीय पुत्र रॉकी के साथ कमरे में सो रहा था। तभी देर रात अचानक शौचालय व बरामदे की दीवार पिता–पुत्र पर गिर गई। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। आस–पास व परिजनों ने तत्काल मलबे में दबे पिता–पुत्र को बाहर निकाला और उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुत्र का इलाज चल रहा है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# छत से गिरकर युवक ने तोड़ा दम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कस्बा के मोहल्ला सोहन में गुरूवार की रात छत से गिरकर 38 वर्षीय युवक घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में कानपुर ले जाते समय मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोहल्ला सोहन निवासी महावीर का पुत्र सुनील कुमार देर रात लघुशंका के लिए उठा था। तभी नींद के झोंके में नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जैतीखेड़ा में घरेलू कलह के चलते 40 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार जैतीखेड़ा गांव निवासी राजबहादुर का पुत्र राजू काफी दिनों से मानसिक तनाव में था। गुरूवार की रात उसने उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली और फांसी पर लटका राजू का शव देखा तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# पीड़िता ने एसपी से सुरक्षा दिलाए जाने की लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के पनी की रहने वाली पीड़िता ने एसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए पीड़ित भाई, उसके दो छोटे छोटे बच्चे और उसके माता पिता को सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की। रचना श्रीवास्तव ने शिकायती पत्र देते हुए भाभी ज्योति देवी और उसके प्रेमी पर आरोप लगाया है कि जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुकेती गांव का रहने वाला उसका भाई गांव में रहकर पूरी खेती का काम देखभाल करता था। इसी दौरान उसकी भाभी का पखरौली गांव के रहने



वाले विपिन से प्रेम प्रसंग हो गया और उसकी भाभी अपने प्रेमजाल में इतनी फंस गई कि 21 अप्रैल को उसकी भाभी अपनी प्रेमी के बहकावे में आकर उसके भाई दीपक के ऊपर पेट्रोल डालकर उसे मारने का प्रयास किया लेकिन मौके पर मौजूद उसकी बहन रचना ने बचा लिया और पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए पत्नी ज्योति देवी और उसके प्रेमी यदुवेन्द्र उर्फ बिपिन के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 और 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया था और लगभग एक महीने के बाद जमानत पर छुटी पत्नी, उसके प्रेमी सहित उनके साथियों द्वारा द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों बच्चों को वापस करने का दबाव बना रहे लेकिन दोनों मासूम बच्चे भी मां की हरकतों से भयभीत होकर वह अपनी बुआ और अपने पिता के साथ रहना चाह रहे हैं। साथ ही पीड़िता ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )